चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 311, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 11 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पाकिस्तान के बाद ईरान ने 13 हजार अवैध अफगान नागरिकों को देश से निकाला

**काबुल**

पाकिस्तान के बाद ईरान ने भी अवैध अफगान नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13,204 अवैध अफगान प्रवासियों को देश से निष्कासित कर दिया है। खुरासान रजावी में सीमा सुरक्षा के कमांडर माजिद शोजाई ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अवैध प्रवासियों के निष्कासन पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रवासियों की पहचान पिछले सप्ताह में की गई थी और वे डोघरौन में बारह सीमा क्रासिंग के माध्यम से अपने देश लौट गए। सीमा सुरक्षा के कमांडर ने कहा कि अवैध रूप से देश में प्रवेश करने वाले अफगान नागरिकों को गिरफ्तार कर निष्कासित कर दिया जाता है। खामा प्रेस के अनुसार हाल के महीनों में ईरान और पाकिस्तान से अफगान प्रवासियों को निकालने की प्रक्रिया तेज हुई है। हाल ही में ईरान के गृह मंत्री ने चार लाख अफगान प्रवासियों को देश से बाहर निकालने की घोषणा की थी। इससे पहले करमानशाह प्रांत में विदेशी नागरिकों और अप्रवासी मामलों के महानिदेशक ने देश के 16 प्रांतों में अफगान नागरिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) के अनुसार, ईरान में छह प्रतिशत अफगान नागरिक हैं। वहीं, काबुल में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने रविवार को मानवाधिकार दिवस और मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 75वीं वर्षगांठ पर कहा कि तालिबान को अफगानिस्तान में मानवाधिकार दायित्वों को स्वीकार करना चाहिए और उनका पालन करना चाहिए।

## डॉ. अनीश शाह ने फिक्की के अध्यक्ष का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली**

भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने महिंद्रा एंड महिंद्रा के प्रबंध निदेशक और समूह सीईओ डॉ. अनीश शाह को 2023-2024 के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया है। फिक्की के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. अनीश शाह ने नई दिल्ली में आयोजित चेंबर के 96वें वार्षिक सम्मेलन में शुभ्रकांत पांडा से अध्यक्ष का पदभार संभाला लिया।

# विष्णुदेव साय होंगे छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री

## छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री के चयन के लिए शनिवार को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई

**रायपुर**

छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री के चयन के लिए शनिवार को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। इस बैठक में नए मुख्यमंत्री के नाम का एलान हो गया। बताया जा रहा है कि विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री होंगे। कुनकुरी विधानसभा सीट से विधायक विष्णुदेव साय आदिवासी समाज से ताल्लुक रखते हैं। बता दें कि विष्णुदेव साय के नाम ने सभी को चौंका दिया, क्योंकि विष्णुदेव साय का नाम मुख्यमंत्री की रेस में नहीं था। भाजपा विधायक दल की बैठक में पार्टी के तीन पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सबार्नंद सोनोवाल और दुष्यंत कुमार गौतम के अलावा ओम माथुर, मनसुख मांडविया मौजूद रहे। रायपुर स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने मिलकर विष्णुदेव साय के नाम पर मुहर लगाई।

**'हर दिल अजीज हैं विष्णुदेव साय'**

वहीं, भाजपा विधायक दल की बैठक को लेकर पार्टी नेता नारायण चंदेल ने बड़ी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय हर दिल अजीज हैं। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, भाजपा नेता ने कहा, वे (विष्णुदेव साय) हर दिन अजीज हैं और बहुत अच्छे व्यक्ति हैं। हमारे प्रदेश अध्यक्ष हैं। बहुत सहज हैं, सरल हैं, विनम्र हैं और एक ऐसा चेहरा हैं जिसका कोई विरोध नहीं कर पाया...

**विष्णुदेव साय ने हाईकमान का जताया आभार**

विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद विष्णुदेव साय ने भाजपा का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने एक छोटे से कार्यकर्ता पर इतना विश्वास जताया और राज्य का नेतृत्व करने का दायित्व दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा का भी आभार जताया।

**कौन हैं विष्णुदेव साय?**

छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री बनने वाले विष्णुदेव साय चार बार सांसद, दो बार विधायक, केंद्रीय राज्य मंत्री और तीन बार प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा उन्हें संगठन में काम करने का अच्छा खासा अनुभव है।



## आज पूरी दुनिया भारत से उम्मीदें लगाए हुए है : पीएम

अनुसूचित जनजाति का सम्मान बृजमोहनरायपुर दक्षिण सीट से विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें चुनकर देश की अनुसूचित जनजाति को सम्मान दिया है। उप मुख्यमंत्री के सवाल पर बृजमोहन ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ही जानकारी देगा। अब विकास करेगा छत्तीसगढ़ः कश्यपनारायणपुर विधायक केदार कश्यप ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि छत्तीसगढ़ में विकास तेज गति से आगे बढ़ेगा।

सभी ने किया समर्थन

भाजपा नेता धरमलाल कौशिक ने कहा कि डा. रमन सिंह ने नाम

## विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने पर बधाइयों का लगा तांता

**रायपुर**

छत्तीसगढ़ को पहले आदिवासी मुख्यमंत्री मिलने पर बधाइयों का तांता लग गया है। भाजपा के तमाम विजयी प्रत्याशियों के साथ राजनीतिक संगठन व कर्मचारी संगठनों ने नव नियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बधाई दी है। भाजपा के विजयी प्रत्याशियों ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में दोगुनी रफ्तार से डबल इंजन की सरकार चलेगी। चुनाव में की गई घोषणाएं पूरी होंगी। डबल इंजन सरकार का लाभ प्रदेश की आम जनता को मिलेगा।



भूपेश बघेल 17 दिसंबर 2018 से अब तक

रमन सिंह 12 दिसंबर 2013 से 17 दिसंबर 2018

रमन सिंह 12 दिसंबर 2008 से 11 दिसंबर 2013

रमन सिंह 07 दिसंबर 2003 से 11 दिसंबर 2008

अजीत जोगी 01 नवंबर 2000 से 05 दिसंबर 2003

**अब नया आयाम**

सरोज पांडेयभाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में निश्चित ही छत्तीसगढ विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

## अनुसूचित जनजाति का सम्मान



**बृजमोहनरायपुर** दक्षिण सीट से विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें चुनकर देश की अनुसूचित जनजाति को सम्मान दिया है। उप मुख्यमंत्री के सवाल पर बृजमोहन ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ही जानकारी देगा। अब विकास करेगा छत्तीसगढ़ः कश्यपनारायणपुर विधायक केदार कश्यप ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि छत्तीसगढ़ में विकास तेज गति से आगे बढ़ेगा।

**सभी ने किया समर्थन**

भाजपा नेता धरमलाल कौशिक ने कहा कि डा. रमन सिंह ने नाम प्रस्तावित किया, सभी विधायकों ने विष्णुदेव साय के नाम का समर्थन किया।पहला आदिवासी मुख्यमंत्रीः उसेंडीकोंडागांव विधायक व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को पहला आदिवासी मुख्यमंत्री मिला है। सबका साथ-सबका विकास के उद्देश्य से राज्य में प्रगति होगी।

**एक नई दिशा मिलेगी**

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को एक नई दिशा मिलेगी। जो सपना छत्तीसगढ़ के लिए 23 साल पहले अजीत जोगी ने देखा था वो पूरा होगा।

**कर्मचारी संघों की उम्मीदें जगी**

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने कहा है कि संघर्षशील व्यक्ति ही संघर्ष को समझ सकता है। फेडरेशन को उम्मीद है कि राज्य के कर्मचारी-अधिकारियों के मुद्दों पर त्वरित समाधान होगा।

## कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से मिले 351 करोड़, पांच दिनों में पूरी हुई नोटों की गिनती

**अनुगुल**

**झारखंड** से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों से बरामद नोटों की गिनती पांचवें दिन रविवार को पूरी हो सकी। बरामद रकम 351 करोड़ रुपये बताई जा रही है। गिनती में आयकर विभाग और विभिन्न बैंकों के 80 लोगों की नौ टीमें शामिल थीं। बाद में सुरक्षा कर्मियों, ड्राइवरों और अन्य कर्मचारियों सहित 200 अधिकारियों की एक और टीम तब शामिल हुई जब कर अधिकारियों को कुछ अन्य स्थानों पर नकदी से भरी 10 अलमारियां मिलीं। सूत्रों ने बताया कि नकदी को ओडिशा की विभिन्न बैंक शाखाओं में जमा करने के लिए ले जाने के लिए लगभग 200 बैग और ट्रंक का इस्तेमाल किया गया था।



**तीन बैंक शाखाओं में हुई गिनती**

बलांगीर में एसबीआइ के क्षेत्रीय प्रबंधक भगत बेहरा ने बताया कि नोटों की गिनती एसबीआइ की बलांगीर के अलावा संबलपुर और टिटलागढ़ शाखा में भी चल रही थी। इनमें बैंक के 50 से अधिक कमार्चारी तथा आयकर विभाग के तीन दर्जन अधिकारी व कर्मचारी जुटे थे। गिनती के लिए 40 मशीनें लगाई गई थीं।

नोट गिनने के दौरान मशीनों के खराब हो जाने की समस्या को दूर करने के लिए इंजीनियर भी तैनात किए गए थे।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं से सुझाव मांगेगी सरकार: नीति आयोग के सीईओ

**नई दिल्ली**

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रमण्यम ने रविवार को कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सरकार युवाओं से सुझाव मांगेगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

**700 से अधिक विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को संबोधित करेंगे पीएम मोदी**



सुब्रमण्यम ने कहा कि इस संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के बारे में युवाओं के विचार जानने के लिए 700 से अधिक विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की देशभर के राजभवनों में आयोजित कार्यशालाओं को सोमवार को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक लगभग 30 ट्रिलियन करोड़ डॉलर की विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए दृष्टि-पत्र तैयार किया जा रहा है। इसे अगले साल जनवरी के अंत तक प्रधानमंत्री द्वारा जारी कर दिया जाएगा। भारत अपने इतिहास में महत्वपूर्ण मोड़ पर है।

**21वीं सदी होगी भारत की सदी**

नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि 21वीं सदी भारत की सदी होगी, क्योंकि देश शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विस्तार के दम पर भविष्य की ओर अग्रसर है।

## ज्योतिरादित्य ने राजमुंदरी हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखी



**नई दिल्ली**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी हवाई अड्डे पर 350 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखी है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि नागर विमानन मंत्री ने राजमुंदरी हवाई अड्डे पर 350 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित नए टर्मिनल की आधारशिला रखी है।

यह टर्मिनल करीब 17,029 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनने वाला है। वर्तमान टर्मिनल भवन से यह 400 गुना अधिक बड़ा होगा और प्रतिदिन पीक ऑवर में 2,100 यात्रियों की क्षमता के साथ सुविधा प्रदान करेगा। इसकी सालाना क्षमता 30 लाख यात्रियों की होगी। ज्योतिरादित्य ने इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश पारंपरिक त्योहारों, कलाओं और हस्तशिल्प के साथ सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य है। उन्होंने बताया कि राजमुंदरी हवाई अड्डे का विस्तार इस विरासत का संरक्षण और प्रोत्साहन करेगा। सिंधिया के कहा कि नया टर्मिनल मौजूदा टर्मिनल की तुलना में चार गुना बड़ा होगा। इसे कई पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों से लैस किया जाएगा। सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार वृद्धिशील विकास के लिए नहीं, बल्कि बड़े बदलावों के लिए काम कर रही है।

## केन्या के लामू बंदरगाह पर पहली बार पहुंचा भारतीय नौसेना का जहाज 'सुमेधा'

**नई दिल्ली**

अफ्रीका में चल रही लंबी दूरी की तैनाती के एक हिस्से के रूप में भारतीय नौसेना का जहाज ह्यसुमेधाह्न केन्या के लामू बंदरगाह पहुंच गया है। हाल ही में विकसित केन्या के इस बंदरगाह पर पहली बार भारतीय नौसेना जहाज का कोई जहाज गया है, जो पहली बंदरगाह कॉल का प्रतीक है। यह जहाज विशाखापत्तनम स्थित भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का हिस्सा है और पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के परिचालन कमान के तहत कार्य करता है। पोर्ट कॉल के दौरान दोनों नौसेनाओं के कर्मी पेशेवर बातचीत, डेक दौरे और खेल आदान-प्रदान की एक विस्तृत श्रृंखला में शामिल होंगे, जिसका उद्देश्य आपसी सहयोग बढ़ाना और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करना है। यात्रा के हिस्से के रूप में एक संयुक्त योग सत्र, डेक रिसेप्शन, चिकित्सा शिविर और एक समुद्री साझेदारी अभ्यास की योजना बनाई गई है। आईएनएस सुमेधा भारतीय नौसेना की स्वदेशी रूप से विकसित सरयू-श्रेणी की तीसरी श्रेणी का जहाज है। इसे 07 मार्च, 2014 को नौसेना में कमीशन किया गया। जहाज को स्वतंत्र रूप से और बेड़े के संचालन के समर्थन में कई भूमिकाओं के लिए तैनात किया गया है। यह जहाज हथियारों और सेंसरों की एक श्रृंखला से सुसज्जित है और बहु-भूमिका वाले हेलीकॉप्टर ले जा सकता है। भारतीय नौसेना के 'दोस्ती के पुल' बनाने और मित्र देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के मिशन के हिस्से के रूप में भारतीय नौसेना के जहाजों को नियमित रूप से विदेशों में तैनात किया जाता है। जहाज की यह यात्रा प्रधानमंत्री के 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास' (एसएजीएआर) के दृष्टिकोण के अनुरूप है और भारत-अफ्रीकी संबंधों को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

## रक्षा मंत्री ने राजघाट के पास राष्ट्रपिता की 10 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया

**नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को नई दिल्ली में राजघाट के पास गांधी दर्शन एवं स्मृति परिसर में महात्मा गांधी की 10 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने इस प्रतिमा को राष्ट्रपिता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया, जिन्होंने भारत को विदेशी शासन से मुक्त कराने में केंद्रीय भूमिका निभाई और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए काम किया, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। राजनाथ सिंह ने कहा कि गांधीजी ने मजबूत, समृद्ध और स्वच्छ भारत की कल्पना की थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि महात्मा गांधी आज भी हर भारतीय के दिल में रहते हैं। मार्टिन लूथर किंग जूनियर और नेल्सन मंडेला जैसे महान नेताओं ने अपने-अपने देशों में लोगों की भलाई के लिए गांधीजी के विचारों और दृष्टिकोण से प्रेरणा ली।

## मानवाधिकारों की मजबूती 'मुफ्त बांटने' के बजाय सशक्तिकरण में - उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने आज कहा कि मानवाधिकारों की मजबूती लोगों के सशक्तिकरण में है और मुफ्त की राजनीति से इसे हासिल नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि ह्यमुफ्त बांटनेह्न की राजनीति की होड़ से हमारी व्यय प्राथमिकता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि देश में इस बात पर बहस होनी चाहिए कि इस तरह की राजनीति कैसे देश की अर्थव्यवस्था, जीवन गुणवत्ता और समाजिक सामन्जस्य पर प्रभाव डाल रही है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार मुफ़्त चीजें व्यापक आर्थिक स्थिरता के बुनियादी ढांचे को कमजोर करती हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नई दिल्ली के प्रगति मैदान में मानवाधिकार दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की सभ्यता का लोकाचार और संवैधानिक ढांचा मानवाधिकारों के सम्मान, सुरक्षा और पोषण के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के मानवाधिकारों को पोषित, पल्लवित, बढ़ावा देने से जुड़ा एक उदाहरण है। इसकी जमीनी हकीकत देखने के लिए हमें महानगरों से बाहर निकलना होगा। उन्होंने मानवाधिकारों के पालन में देश के जागरूक न्याय व्यवस्था का विशेष उल्लेख किया। कानून की समानता और सभी के लिए न्याय तक पहुंच मानव अधिकारों को समाज में फलने फूलने का अवसर देती है। कोई भी कानून से ऊपर नहीं होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने इस दौरान शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में आए बदलावों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि तीन दशकों के बाद एक ऐसी नई शिक्षा नीति लायी गई है जो मानवाधिकारों के विकास का प्रावधान करती है। इसके अतिरिक्त सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं कि हमारा विकास समावेशी हो। नागरिकों की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति की दिशा में सरकार की पहलों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि समावेशी विकास का यह उत्तम उदाहरण हैं।



# सांसद ने दौड़ में प्रतिभागियों को दिखाई हरी झंडी

अखंड भारत संदेश



**मऊआइमा।** रविवार को भोंदू बाबा खेल कूद मैदान कल्याणपुर में फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल ने दौड़ प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता शुरू कराई। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए सांसद केशरी देवी पटेल ने कहा कि प्रधान मंत्री के निर्देश पर पूरे देश में सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम के अंतर्गत खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी अपनी प्रतिभा दिखाते हुए आगे तक खेलकर अपना और क्षेत्र तथा देश का नाम रोशन करें । प्रधान मंत्री देश के लोगों के लिए तमाम कल्याण कारी योजनाएं चला रहे हैं वृद्धा पेंशन, कल्याणकारी योजनाओं में जाति व धर्म को नहीं देखा सबको एक समान लाभ मिल रहा है प्रधान मंत्री के लिए केवल चार जातियां हैं गरीब, किसान, महिला तथा युवा आज भारत की इकोनामी मजबूत हुई है 2047 तक भारत विश्व का नेतृव करेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से। ओम गुरू मिश्रा मंडल महामंत्री, शिव शंकर मिश्रा, विजय पटेल, शंभू नाथ पटेल, नीरज मिश्रा, आशा पटेल, सांसद मीडिया प्रभारी भाजपा नेता उमेश तिवारी, अमर सिंह गुडडू राजा, अंकित मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक थाना मऊआइमा आदि मौजूद रहे।




## संकल्प यात्रा के दौरान क्षेत्रीय विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के ग्राम पंचायत रुदापुर में रविवार को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांव में प्रभात फेरी निकाल कर यात्रा वाहन में लगे डिजिटल पर्दे पर विकसित भारत संकल्प के बारे में ग्रामीणों को दिखाया गया। जिसमें महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, अमृत सरोवर सहित आदि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में दिखाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर आयोजित चौपाल कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए लोगों को संबोधित किया तथा ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं से अवगत होते हुए संज्ञान में लिया। इस मौके पर भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह, सत्यम हिंदू , मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज, महामंत्री पवन कुमार शुक्ला, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , जय प्रकाश दुबे, राजधर द्विवेदी, संदीप दुबे, विमल मिश्रा, राजकुमार, ग्राम प्रधान सुनीता यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार सिंह, राम सुधा बिंद, राजेंद्र वर्मा, लाल जी धुरिया एवं राजवंत सिंह एवं टी एन सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रधानों के प्रति अविशास से प्रभावित हुआ अभियान : अनिल शुक्ला

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** पंचायत विकास के साथ परिषदीय शिक्षा व्यवस्था कार्यशालाओं में विकास खण्ड मेजा के प्रधानों को उनके संवाद और क्रियाशीलता के लिए देश और प्रदेश की राजधानी में जो सम्मान मिला है, उससे क्षेत्र के लोग गौरवान्वित हैं। शिक्षा विभाग द्वारा लखनऊ में आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला में क्षेत्र के गडेवरा प्रधान अनिल शुक्ल द्वारा शिक्षा और व्यवस्था सुधार के लिए प्रभावी तर्कों से महानिदेशक स्कूल शिक्षा को प्रभावित किया है। लखनऊ में आयोजित शिक्षा कार्यशाला में 19 जनपदों के प्रधानों का प्रतिनिधत्व करते हुए मेजा ब्लाक के गडेवरा प्रधान एवं अखिल भारतीय प्रधान संगठन के प्रभारी अनिल कुमार शुक्ल ने आपरेशन कायाकल्प और निपुण भारत अभियान में प्रधानों की भूमिका पर अपना पक्ष रखा है।

### अखिल भारतीय प्रधान संगठन के प्रभारी ने आपरेशन कायाकल्प एवं निपुण भारत अभियान पर रखा अपना पक्ष



उन्होंने कहा कि मिशन कायाकल्प में अधिकांश प्रधानों ने शिक्षा विभाग के तय 19 पैरामीटर को पूरा किया है। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानों के प्रति अविश्वास से भी अभियान प्रभावित हुआ है। छोटी ग्राम पंचायतों के पास फंड का अभाव है। शिक्षा विभाग पंचायतों से अपेक्षित सहयोग चाहता है लेकिन प्रधानों की पीड़ा को नजर अंदाज किया गया है। अखिल भारतीय संगठन प्रधान के जिलाध्यक्ष सुरेश तिवारी ने प्रधानों के पक्ष में पांच सूत्रीय ज्ञापन महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनन्द को सौंपकर, सवाल किया था कि कायाकल्प योजना के क्रियान्वन में प्रधानों की समस्यायों को गम्भीरता से नही लिया गया है।

जनपद के विकास खण्ड मेजा के प्रधानों ने विकास और शिक्षा से जुड़े दो इवेंट में संवाद और तार्किक सलाह के जरिए जागरूकता का बोध कराया है। प्रमुख मेजा प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने प्रधान सम्मान समारोह में दस महिला प्रधानों के साथ प्रधान संगठन से जुड़े ब्लाक के दो प्रधानों का सम्मान करते हुए कहा था कि पंचायत प्रतिनिधियों ने विकास खण्ड मेजा का मान बढ़ाया है। यह मेजा पंचायत परिवार के लिए गर्व की बात है।

## बोरिंग टेक्नीशियन मंत्री ने भाजपा नेता से किया औपचारिक मुलाकात



**मेजा।** एशोसियेशन बोरिंग टेक्नीशियन के जिला मंत्री राजेश तिवारी रविवार को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी डॉ संगम मिश्र से मेजारोड़ चौराहे पर एक औपचारिक मुलाकात कर क्षेत्र की जनसमस्याओं से रूबरू कराया। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज - मिर्जापुर हाईवे पर मेजारो ड और कठौली के बीच निर्मित ओवरब्रिज जो जगह जगह काफी क्षतिग्रस्त होने तथा ओवरब्रिज पर रात के समय लाइट के साथ साथ मेजारो ड चौराहे पर कोई शौचालय की व्यवस्था न होने के बावत मंत्री राजेश तिवारी ने समाजसेवी डॉ संगम मिश्र का ध्यान आकृष्ट कराया और कहा कि उक्त सुविधाए न होने से आम जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त बोरिंग टेक्नीशियन मंत्री एवं भाजपा नेता के मध्य क्षेत्र के विकास पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान डॉ संगम मिश्र ने अपने वक्तव्य में कहा कि मैं यमुनानगर के विकास हेतु तन मन और धन से सेवा करने को तत्पर हूं। इस मौके पर पारसनाथ पाठक अरुण कुमार प्रजापति राकेश कुमार अवधेश आमिका तथा डा आर एन सिंह के अलावा कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अपनादल पदाधिकारियों की मासिक बैठक संपन्न

### बूथ स्तर पर संगठन बनाने व उसकी मजबूती के लिए बनी रणनीति

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** रविवार को अपना दल के पदाधिकारियों की मासिक बैठक पहाड़पुर निबैया में आयोजित की गई।बैठक में बूथ स्तर पर संगठन बनाने और उसकी मजबूती पर जोर देने का कार्य करना है जिससे आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में एक बार फिर एनडीए की सरकार केंद्र में स्थापित हो।उक्त बातें अपना दल एस के राष्ट्रीय सचिव

राजेश पटेल 'बुलबुल' ने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित कार्यकताओं के समक्ष कहा।

उन्होंने कहा कि गत दिनों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में संपन्न हुई विधानसभा चुनाव में भाजपा ;एनडीए की बम्फर जीत दिया है कि जनता को बरगलाया नहीं जा सकता।जनता सब कुछ जानती है। जनता मोदी की कथनी और करनी को देख रही है। मोदी की गारंटी ही देश की गारंटी बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि सामाजिक



न्याय पर आधारित सड़क से संसद तक हर समुदाय के लोगों की आवाज उठाने का कार्य करने वाली अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल आज एनडीए का मुख्य अंग बन चुकी हैं। जिनका कथन है कि मेरे शरीर का एक एक बूंद खून हर सोशित व वंचित समाज के लिए समर्पित है और रहेगा। बैठक का संचालन संतोष पटेल, अध्यक्षता महेंद्र सिंह ने किया। बैठक में विशिष्ट अतिथि दिनेश पटेल, कमलेश पटेल, प्रयागराज कोटार्य, बाबूलाल, मुन्नी देवी,देवी शंकर,आलेश कुमार, बालमुकुंद पटेल, पवन कुमार सहित भारी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## प्रबंधक को कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर जमकर की पिटाई

**मऊआइमा।** सामूहिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित जनसेवा हेल्थ केयर सेंटर के प्रबंधक को शंतिपुरम से चार पहिया सवारों ने अपहरण कर जमकर पीटे और मऊआइमा फ्लाइओवर ब्रिज के पास प्रबंधक कूद कर भागा और मऊआइमा थाने में तहरीर देकर गुहार लगाई। पुलिस इधर उधर तलाशने के बाद घटना स्थल को शांतिपुरम क्षेत्र बता दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के ग्राम लखराना गारापुर निवासी दीपक यादव पुत्र सुभाष यादव कमलानगर में सामूहिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित जन सेवा हेल्थ केयर सेन्टर चलाते हैं। बताया गया है कि उक्त संस्थान द्वारा प्रसव नार्मल कराना न होने पर संस्थान अपने खर्च से फ्री आपरेशन करता है।यही संस्थान द्वारा फ्री एम्ब्युलेंस मरीजों को देता है। संस्थान द्वारा स्वास्थ्य सुविधाएं मुफ्त देने डेंगू से पीड़ित को फ्री बेड , नेबुलाइजर , ओपीडी फ्री आदि के अलावा सस्ते दर पर एमरजेंसी ब्लड भी उपलब्ध कराया जाता है।जिसमें महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष अनीता सिंह यादव , डाक्टर विवेक यादव बालरोग विशेषज्ञ,रेखा यादव स्त्री एंव प्रसूति रोग सहित अनेकों लोगों के योगदान से चलने से आरोप है कि निजि अस्पतालों में मरीजों का जाना कम होता जा रहा है। जिससे वह उक्त संस्थान से खुन्नस खाए हुए हैं। संस्थान के प्रबंधक दीपक यादव का आरोप है कि दलाल जिस मरीज को तीन यूनिट ब्लड 27 हजार पांच सौ में दे रहे थे।वह शांतिपुरम से मात्र साढे सात हजार में दिलवा दिए। दीपक यादव का आरोप है कि चार पहिया वाहन पर तीन सवार जबरियन उसे कार बैठा कर फ्री काम करने तथा हर सुविधा आसानी से देने से मना करने को कहते रहे।

## न्यूज झरोखा

### नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद देकर किया गया सम्मानित



**नैनी।** नैनी सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी के निर्देशन में रविवार को संस्था के नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद देकर एवं पुराने पदाधिकारियो को प्रोन्नत कर पद से अलंकृत किया गया। अध्यक्ष संतोष तिवारी एवं कुंवर जी तिवारी ने कहा कि आगामी 24 दिसम्बर 2023 को संस्था अपनी छठवीं भव्य वर्षगांठ मनाने जा रही हैं। जिसमें समस्त पदाधिकारियों के साथ साथ, समाजसेवियों, पत्रकारों, सामाजिक क्षेत्रों में रत महिलाओं एवं बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था के वरिष्ठ सलाहकार श्याम नारायण पाठक ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिशा निर्देशन के साथ साथ अपने आशीर्वचन से अभिसिंचित किया। कार्यक्रम में मनीष पांडेय, धीरज यादव, सुनील मिश्रा, सहदेव चौरसिया, महेश प्रसाद केसरवानी, सुनील कुशवाहा, शुभेंदु घोष, ऋषि दीक्षित,डां. प्रमोद मिश्रा, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ.एस बी यादव, आत्म प्रकाश यादव, संदीप केसरवानी, संदीप कुमार सिंह, धीरज राजवानी आदर्श पाल, शिव प्रसाद यादव, अभिषेक यादव, सौरभ यादव, गौरव यादव, रवि पटेल, समरेंद्र मिश्रा, शनि यादव, उज्जवल यादव, आर्यन यादव, अनुज चौरसिया, अनन्या चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

### जंघई जंक्शन के सामने जल भराव आवागमन बाधित



**जंघई।** जंघई जंक्शन प्रांगण में नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण का पिछले दो साल से कार्य चल रहा जिसके फलस्वरूप स्टेशन के पूरे परिसर को ऊंचा कर दिया गया है।स्टेशन के समीप दुकानदारों के सामने सड़क पर जलभराव होने के कारण आवागमन बाधित हो रहा है।दुकानदारों की दुकानदारी प्रभावित हो रही है। सड़क पर जमा पानी टूल्लू मशीन से निकाल कर व्यापारी एवं स्थानीय लोग जल भराव का पानी निकालते हैं।बार बार स्थानीय लोगों ने उक्त समस्या का ध्यान जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आकृष्ट कराया परंतु किसी ने ध्यान नहीं दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर जल भराव की समस्या दूर करना अति आवश्यक है ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके।

### नालियों मे ढक्कन न लगने से दुर्घटना को दे रही दावत



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र अन्तर्गत मांडा खास काली मां चौराहा पर विगत पांच वर्षो से खुली नालियों के चलते आये दिन साइकिल सवार व राहगीर बड़े वाहनों से बचने के चक्कर में मुख्य मार्ग के किनारे बनी खुली नाली में गिर कर चुटहिल हो रहे हैं। उक्त समस्या का समाधान के लिए चौराहे के आस पास के लोग मांडा ब्लॉक मुख्यालय पर प्रार्थना पत्र देकर अति शीघ्र खुली नाली को ढकने की मांग की। लेकिन सम्बन्धित अधिकारियों का तनिक भी ध्यान नहीं जा रहा है। बता दें कि मांडा खास काली मां के चौराहे पर मेजा तहसील मार्ग के दोनों नुक्कड़ पर खुली नाली बना कर छोड़ दिया गया है जो आए दिन राहगीर नाली में गिर कर चोटहिल होते है। उक्त सड़क के दिनों तरफ खुली नाली होने के वजह से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।तथा छोटे मोटे वाहनो को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है।जिससे मांडा क्षेत्र सभी व्यपारियो ने सम्बन्धित अधिकारियों से उक्त नाले को ढक्कन लगवाने की मांग है। व्यापारियों का कहना है कि उक्त नाला का निर्माण 2019 मे जिला पंचायत द्वारा कराया गया था। जो अभी तक ढक्कन नही लगाया गया। जो आये छोटे मोटे वाहन नाले में फँस जाते है जिससे मांडा खास चौराहे पर घंटो जाम लग जाता है। इस बारे में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने संबंधित विभाग को कई बार अवगत कराया किंतु समस्या जस की तस बनी हुई है।

# अंत्येष्ठि स्थल चनैनी विकास खंड करछना उद्घाटन के इंतजार में



**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत चनैनी में बन कर तैयार नवनिर्मित अंत्येष्ठि स्थल का अब उद्घाटन का इंतजार रह गया है, महीनों से बन कर विकास खंड करछना का अंत्येष्ठि स्थल अधिकारियों के द्वारा एक अदद उद्घाटन समारोह कार्यक्रम का कार्य शेष रह गया है, बता दें कि विकास खंड के कई ग्राम पंचायतों में अंत्येष्ठि स्थलों का निर्माण कराया जा चुका है लेकिन अधिकारियों की उपेक्षित रवैए से संचालित होने में वर्षों लग जाते हैं , सरकार की मंशा के अनुसार पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकारें कयी ऐसी योजनाओं को धरातल पर उतारा है कि गांव की समस्या गांव स्तर पर ग्रामीणों को उसका लाभ मिल सके ऐसी बहुत कल्याणकारी योजनाएं हैं जो धीरे-धीरे धरातल पर उतारा जा रहा है,लगभग 25 लाख रुपए की लागत से बने अंत्येष्ठि स्थल को पूर्ण रूप से चालू होने में उद्घाटन के नाम पर वर्षों इंतजार करना पड़ता है, चनैनी ग्राम पंचायत के प्रधान एवं प्रधान संघ करछना के महा मंत्री धीतेश तिवारी ने बताया कि सरकार द्वारा स्वीकृत गांव में अंत्येष्ठि स्थल का निर्माण कराया है, जिससे ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध हो सके, उन्होंने ने बताया कि 25 लाख रुपए से बनने वाले अंत्येष्ठि स्थल को बनाने में अभी कयी लाख रुपए भुगतान लम्बित हैं बताया कि विगत 7 महीने पूर्व से अधिकारियों की उपेक्षित रवैए से भुगतान नहीं किया गया है, फिलहाल उन्होंने जल्द उद्घाटन कराकर यह सुविधा ग्रामीणों को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# कथा से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**सहसों।** सप्त दिवसीय संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ से पूर्व गुलालपुर गांव में कथा व्यास श्री अभयेश्वर प्रपन्नाचार्य जी महाराज की अगुवाई में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यज्ञ मंडप में विद्वान आचार्य द्वारा कलश को पूजित करते हुए मुख्य यजमान पंडित वेदमणि त्रिपाठी प्रबंधक व पंडित शिव प्रकाश तिवारी प्रधानाचार्य के हाथों समस्त देवी देवताओं को आवाहित कर पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात भक्त नर नारियों ने पीत वस्त्र धारण कर कलश लेकर गांव की विभिन्न गलियों में भ्रमण करते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंची। इस दौरान महिलाएं मंगल गीत गाकर भगवान की आराधना करती रहीं। तत्पश्चात सायंकाल कथा व्यास ने श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य को बताते हुए कहा कि भगवत कथा के श्रवण से समस्त पापों से मुक्ति के साथ मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। इसके उपरांत मुख्य यजमान सहित अन्य भक्तों ने व्यास पीठ एवं भागवत भगवान की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर डॉ प्रयागदत्त तिवारी प्राचार्य, डॉ रामदत्त तिवारी प्राचार्य, शिवदत्त तिवारी, आशुतोष तिवारी प्रधानाचार्य, महेश दत्त तिवारी, कृष्ण तिवारी, प्रशांत तिवारी, डॉक्टर सूर्यनारायण तिवारी, विद्याधर तिवारी, रमेश कुमार द्विवेदी सहित आदि श्रद्धालु श्रोता भक्त नर नारियों ने कथा महात्म्य श्रवण करते उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा जसरा पहुंची सांसद, किया संबोधित

**जसरा।** देश के प्रधानमंत्री द्वारा संचालित कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत जसरा पहुंची प्रयागराज की सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री की अगुवाई में आज देश विकास के सर्वोच्च शिखर पर पहुंच चुका है, भाजपा की मोदी सरकार ने समाज के हर वर्ग का विकाश किया है, आगे उन्होने कहा की केन्द्र सरकार के द्वारा महिलाओं और पुरुषों के लिए तमाम योजनाएं चलाई है जिससे की हर वर्ग के लोग आज उसका लाभ ले रहे है। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिला मंत्री यमुनापार कमलेश त्रिपाठी ने भी भाजपा सरकार की तारीफ की। मण्डल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने आने वाले 2024 के लोक सभा चुनाव में एक बार फिर मोदी सरकार बनाने के लिए लोगों से आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संत प्रसाद पांडेय, विज्ञान प्रभाकर शुक्ला, डॉ अंकिता पांडेय, रामानंद त्रिपाठी, कमलेश मिश्र,प्रयाग संगम संस्थान अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा,आलोक पाठक, राजीव गिरी,जसरा प्रधान आशीष सोनकर,सीमा सिंह, सुभाष मौर्य, श्याम लाल तिवारी, विनोद कुमार द्रिवेदी, जयवीर सिंह, संजय विश्वकर्मा, राकेश पाठक, राजेश त्रिपाठी, मुकेश सिंह, अनुराधा पटेल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन पहुंची बद्दीहा, एलईडी के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

**मेजा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पात्र लोगों को जागरूक कर उन्हें योजना के बारे में जानकारी दी गई। रविवार को प्रचार वाहन मेजा ब्लॉक के बद्दीहा गांव पहुंची। प्रभारी एडीओ (आईएसबी) राजेश त्रिपाठी ने रविवार को मेजा ब्लॉक के बड्डीहा गांव में मौजूद लोगों को स्वच्छ भारत मिशन की सुविधाएं, आवश्यक वित्त पोषण सुविधाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेय जल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।इसके अलावा सरकार की प्रमुख योजनाओं को वैन में लगी एलईडी के माध्यम से प्रसारण कर जानकारी दी गई। श्री तिवारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन,विधवा पेंशन प्रधानमंत्री उज्जवला योजना,विकलांग पेंशन, हर घर जल-जल जीवन मिशन,कन्या सुमंगला योजना,मनरेगा योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, आयुष्मान भारत, जीवन ज्योति बीमा योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जन धन योजना सहित अटल पेंशन आदि योजनाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों को जानकारी दी गई। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की लाभान्वित महिलाओं ने योजनाओं से हो रहे लाभ के बारे में विस्तार से बताया।कार्यक्रम में प्रधान लल्लन प्रसाद, रोजगार सेवक जीवन लाल, बीडीसी,पंचायत सहायक शैलेश कुमार सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नृत्य, गीत और संगीत से सजे वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मोहा मन

**शंकरगढ़।** सेंट जोसेफ स्कूल शंकरगढ़ का एनुअल कॉन्सर्ट (एराइज एन्ड शाइन) शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। एनुअल कन्सर्ट में विद्यालय के बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर हर किसी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के चीफ गेस्ट के रूप में फादर रेजीनाल्ड डिसूजा ने बच्चों के प्रदर्शन की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पढ़ाई-लिखाई के साथ बच्चों को अन्य गतिविधियों से जोड़ना चाहिए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। विद्यालय का एनुअल कन्सर्ट भी उसी का एक हिस्सा है। आज, विद्यालय के बच्चों ने जिस तरह से किताबी ज्ञान से इतर अपनी प्रतिभा दिखाई है, वह काबिले तारीफ है। कार्यक्रम की शुरूआत




मुख्य अतिथि ने दीप जलाकर किया।तत्पश्चात बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रेयर डांस,हेल्थी फूड, पहली महिला शिक्षिका, उड़ान, लाइव मूवमेंट जैसे प्रेरणा दायक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। नृत्य,गीत और संगीत से सजे वार्षिकोत्सव का देर शाम तक सभी ने लुफ्त उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डायरेक्टर जनरल ऑफ इलाहाबाद एजुकेशन सोसाइटी के डा लुइस मस्करेनहास ने किया। गेस्ट आफ आनर के रूप में सुसई राज सेन्थम उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य फादर जोसेफ रवि ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की और सभी के प्रति आभार जताया।

## ग्राम प्रधान के निधन पर प्रधान संगठन के नेता परिजनों को बंधाया धाड़स

गत दिवस प्रधान कोसफरा खुर्द ब्लॉक कोरांव का हुआ था निधन



कोरांव। ब्लॉक कोरांव के ग्राम पंचायत कोस्फरा के प्रधान अजहर अली के हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन की खबर पर अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रयाग राज के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष काजी मोअज्जम और जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र त्रिपाठी,एवं प्रयागराज मंडल के मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे तथा पूर्व प्रधान हरिकृष्ण यादव उर्फ ओझा एडवोकेट आदि प्रधान के परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए धाड़स बंधाया। संगठन के उक्त नेताओं ने प्रधान के निधन के पश्चात अग्रिम सरकारी सहयोग के आवेदन के लिए भी पहल की। मौके पर उनके परिजन गांव के तथा एडवोकेट आबिद अली आदि मौजूद रहे।

# शुआट्स में सेमेस्टर परीक्षा की नई डेट पर भड़के छात्र, कुलपति प्रशासन को पीटा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज के नैनी में सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) प्रबंधन की ओर से शनिवार को सेमेस्टर परीक्षा की नई तिथि 13 दिसंबर घोषित किए जाते ही छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। हंगामा कर रहे छात्रों को समझाने पहुंचे प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. डॉ. विश्वरूप मेहरा से हाथापाई की गई। हाथापाई के बाद हमलावर हुए छात्रों ने उन्हें दौड़ा लिया। किसी तरह विवि कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें वहां से बाहर निकाला। इसके बाद आक्रोशित छात्रों ने परिसर में जमकर तोड़फोड़ और बमबाजी करते हुए विवि प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके साथ ही आगजनी भी की गई।विश्वविद्यालय में बवाल की जानकारी मिलने के बाद पुलिस के साथ एसडीएम करछना मौके पर पहुंचे और छात्रों को समझा बुझाकर किसी तरह शांत कराया। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन ने नए सिरे से नोटिस जारी करते हुए आठ जनवरी से परीक्षा कराने का निर्णय लिया। बकाया वेतन को लेकर शुआट्स सोसाइटी के कर्मचारी और शिक्षक पिछले बुधवार से आंदोलित हैं। शिक्षक कार्य बहिष्कार पर हैं।इसे देखते हुए शुक्रवार को विवि प्रशासन की ओर से 15 जनवरी तक परिसर बंद करने के साथ सेमेस्टर परीक्षा निरस्त करने का नोटिस जारी कर दिया गया। शनिवार को बकाया वेतन को लेकर आंदोलनरत शिक्षकों और अधिकारियों की बैठक जिलाधिकारी की मध्यस्थता में हुई। प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. डॉ. विश्वरूप मेहरा, निदेशक प्रशासन डॉ. संजय फिलिप दास, निदेशक लीगल डॉ. विक्टोरिया मसीह, निदेशक स्टेट डॉ. रंजन जॉन और शिक्षकों के बीच वार्ता हुई।इसमें अधिकारियों ने वित्तीय संकट की बात कहते हुए फंड आने पर सैलरी देने की बात कही। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से सेमेस्टर परीक्षाएं समय से कराने की बात कही गई। इस पर आंदोलनरत कर्मचारियों ने भी हामी भरी। इसके बाद विवि प्रशासन ने 13 दिसंबर को सेमेस्टर परीक्षा कराए जाने का नोटिस विवि की साइट और व्हाट्सएप ग्रुप पर जारी कर दिया।

नया नोटिस जारी होते ही बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं रजिस्ट्रार ऑफिस के सामने इकट्ठा हो गए और विरोध करने लगे। उनका कहना था कि शुक्रवार को छुट्टी का नोटिस जारी होने के बाद कई छात्र अपने घर चले गए हैं। अचानक फिर से नोटिस जारी कर परीक्षा की नई तारीख घोषित कर दी गई।

## पुराने यमुना पुल के नीचे लूट में विफल बदमाशों ने युवक को मारी गोली

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में पुराने यमुना पुल के नीचे शनिवार रात लूट की घटना में नाकामयाब स्कूटी सवार बदमाशों ने युवक को गोली मार दी। फायरिंग करने के बाद बदमाश भाग निकले। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया। जानकरी के मुताबिक मड़कैनी, मड़ौका उपहार निवासी गंगा प्रसाद पटेल का पुत्र राकेश कुमार 28 शनिवार रात कहीं से वापस लौट रहा था। पुराने यमुना पुल के नीचे नैनी की ओर टॉयलेट करने के लिए उसने अपनी बाइक रोक दी। इस दौरान स्कूटी सवार दो युवकों ने उसे तमंचा सटा दिया और उसका पर्स और मोबाइल छीनने लगे तो उसने इसका विरोध किया। छीना झपटी के दौरान एक चार पहिया वाहन का प्रकाश देखकर बदमाश हड़बड़ा गए और राकेश के ऊपर फायरिंग कर दी। गोली राकेश के हाथ को छूते हुए पैर में लग गई। घटना के बाद बदमाश वहां से भाग निकले। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और राकेश को इलाज के लिए देर रात सीएससी चाका ले गई  दूसरे दिन उसे एसआरएन में भर्ती कराया गया।

# 90 बरस का दूल्हा, 86 की दुल्हन अदालत में फिर मिले मन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** 90 बरस का दूल्हा और 86 बरस की दुल्हन तकरीबन एक बरस अलग-अलग रहने के बाद शनिवार को पारिवारिक अदालत में संविधान को साक्षी मानकर फिर से एक हो गए। अदालत ने दोनों के बीच समझौता कराकर उन्हें फिर से एक करा दिया।जिला जज अब्दुल शाहिद, पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सुरेशचंद्र आर्या, विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एडीजे नीरज बरनवाल, अपर जिला जज सुमित पंवार सहित अन्य न्यायिक अधिकारी अनूठे मिलन के साक्षी बने।वयोवृद्ध दंपती ने सारे गिले-शिकवे दूर करते हुए सभी के सामने एक-दूसरे को माला पहनाकर फिर से साथ रहकर जीवन बिताने का संकल्प लिया। कहा, उनके बीच कोई अलगाव नहीं है। बस संपत्ति के लालच में बीते एक वर्ष पहले बेटों ने ही दोनों को अलग-अलग करा दिया था। दोनों ने अदालत में मन की बात कही और आधी-आधी संपत्ति दोनों बेटों के नाम कर दी। कंधई थानाक्षेत्र के पाठक का पुरवा, किशुनगंज के शिवप्रसाद पाठक और उनकी पत्नी प्रभु देवी, दोनों बीते एक बरस से अलग-अलग रह रहे थे। 2010 में लोकनिर्माण विभाग के सुपरवाइजर पद से सेवानिवृत्त शिवप्रसाद पाठक को बेटों ने ही संपत्ति के बंटवारे को लेकर पत्नी से अलग करा दिया था। इतना ही नहीं मां को साथ रख रहे छोटे बेटे ने तो मां की ओर से पिता के विरुद्ध धारा 25 के तहत हर्जाखर्चा देने का मुकदमा भी दर्ज कराया था।

# मंडलायुक्त महाकुंभ के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का किया निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम बेली अस्पताल में उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा बनाए जा रहे रैन बसेरे का निरीक्षण किया। वहां बनाए जा रहे है कॉलम के कार्यों की गुणवत्ता पर चिंता जताते हुए संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की तथा सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने ब्लड बैंक के कार्यों का निरीक्षण किया और वहां दीवाल की चिनाई की गुणवत्ता पर भी चिंता जताई। उन्होंने बेली अस्पताल में ही बनाए जा रहे 20 बेड के प्राइवेट वार्ड, कॉलविन अस्पताल में बनाए जा रहे हैं 14 बेड के प्राइवेट वार्ड तथा प्रभु घाट ड्रेन का भी निरीक्षण किया एवं सभी जगह कराए जा रहे कार्यों में अपेक्षित गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा की अपेक्षित गुणवत्ता सुनिश्चित न करने पर सभी संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाही की जाएगी।

## शादी के दिन भागी युवती पुलिस ने संदिग्ध हालात में पकड़ा

**मऊआइमा।** शादी की सुबह अपने आशिक प्रेमी के संग भागी युवती को मऊआइमा पुलिस ने संदिग्ध हालात में पकड कर परिजनों को सूचना दे दी है। जानकारी के अनुसार बहरिया थाना क्षेत्र के ग्राम जुगनूडीह निवासी एक व्यक्ति की पुत्री की शादी फाफामऊ के महमदपुर के साथ तय थी।बताते हैं कि युवती का मऊआइमा के सरायलहुरी निवासी एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था।बताते हैं कि 3 दिसम्बर को जुगनूडीह बहरिया में बारात आयी।चुपके से चार दिसम्बर को सुबह युवती अपने आशिक प्रेमी के साथ फरार हो गई।बताते हैं कि बारात बिना दूल्हन के गयी और रिश्ता खत्म हो गया। बताया गया है कि युवती को मऊआइमा पुलिस ने रविवार को संदिग्ध हालात में पकड कर थाने बैठा ली है तथा उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है। प्रेमी कहां गया यह नहीं बता रही है।

# प्रयागराज में 5026 लाभार्थियों को मिला पीएम आवास का लाभ, रखी गई आधारशिला

अखंड भारत संदेश

सांसद , विधायक एवं माहापौर द्वारा लाभार्थियों को बांटे आवास स्वीकृति पत्र और पीएम आवास की रखी आधारशिला, किया भूमि पूजन, आवास मिलने पर लाभार्थियों ने जाहिर की खुशियां, पीएम को बोले शुक्रिया



**प्रयागराज।** गरीबों और वंचितों को अपना घर मुहैया कराने के लिए प्रदेश सरकार 08 से 10 दिसम्बर के बीच 5026 पीएम आवासों का भूमि पूजन किया जा रहा है। आज दिनांक 10/12/2023 को ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्ण के अन्तर्गत भूमि पूजन एवं स्वीकृति पत्र वितरण का कार्यक्रम मुख्य अतिथि महोदया सांसद फूलपुर श्रीमती केसरी देवी पटेल जी एवं विधायक हर्ष वर्धन वाजपेयी जी एवं महापौर गणेश चंद्र उमेश चंद्र केसरवानी जी की गरिमामयी उपस्थिति में सभागार,सर्किट हाउस, प्रयागराज में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि महोदय द्वारा लाभार्थियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि पीएम आवास योजना (शहरी) लाभार्थियों को निशुल्क में घर दिया जा रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के हर तबके के लिए कार्य कर रही है। उनके जीवन को सुगम बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। पीएम मोदी का सपना है कि हर व्यक्ति के पास अपना घर हो। हर व्यक्ति की भी यही कामना होती है कि उसके पास अपना घर, उसमें बिजली पानी, रसोई गैस, राशन कार्ड, स्वास्थ्य बीमा आदि की सुविधा हो। आजादी के बाद पहली बार डबल इंजन की सरकार ऐसी सभी योजनाओं का लाभ दे रही है। संवाद के दौरान लाभार्थियों ने आवास मिलने पर खुशी जाहिर कर पीएम नरेंद्र मोदी को शुक्रिया कहा।पीएम आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत ऐसे लाभार्थियों को आवास दिए जाने का प्राविधान है, जिसके पास अपना स्वयं का पक्का मकान न हो। इस योजना के तहत कुल 2.50 लाख रुपये अनुदान के रूप में दिया जाता है।इसी कड़ी में लाभार्थियों को बताया गया कि इस क्षेत्र में 800 नए आवासों की स्वीकृति के सापेक्ष आज भूमि पूजन का कार्यक्रम किया जा रहा है ।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जी द्वारा रीता, सुनीता, संजू, रीता, विटोला, निशा, गुलाब, चाँदनी, राधा, ललिता, सविता, आशा, सोनी, लालती, वंदना के आवासों का भूमि पूजन किया गया एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया गया ।कार्यक्रम में पार्षदगण के अतिरिक्त अरविंद राय, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, श्रीमती वर्तिका सिंह ,परियोजना अधिकारी, डूडा, शहर मिशन प्रबंधक, सीएलटीसी, सामुदायिक आयोजक, डूडा टीम एवं योजनाओं के लाभार्थी व अन्य लोग उपस्थिति रहें।

# राम केवट संवाद को सुनाकर शांतनु महाराज ने श्रोताओं को झुमाया

अभिमन्यु शाखा पार्क में सेवा भारती प्रयागराज विभाग की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का छठवां दिन



**नैनी।** नैनी अभिमन्यु शाखा पार्क में सेवा भारती प्रयागराज विभाग की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के छठवें शांतनु जी महाराज ने रघुवंश की माताओं का चरित्र सुनाते हुए बताया कि मां कौशल्या, सुमित्रा, मां जानकी एवं उर्मिला जी के चरित्र का आदर्श चरित्र होता है। यह देश, यह धर्म, संस्कृति यदि सुरक्षित है इन्हीं माताओं और बहनों के कारण जिन्होंने अपने पुत्रों को अपने भाइयों को अपने बेटों को तिलक लगाकर धर्म की रक्षा के लिए भेज दिया। महाराज जी ने आगे कहा कि जो राम राज का किला प्रभु भगवान दिखता है उसके नीव में जनक परिवार की बेटी चुनी गई। जब भगवान मां जानकी लक्ष्मण के साथ उनके लिए निकले पूरी अयोध्या मां कैकेई को धिक्कार देते हुए साथ चल पड़े। यही तो अयोध्या वासियों का भगवान के प्रति प्रेम और समर्पण है। रामचरितमानस के सबसे रस परमात्मा बहुत पसंद करता है। केवट भगवान से चरण धुलवा कर पार उतारने की बात करता है। यही तो भक्त और भगवान के बीच का संबंध है। केवट भगवान से अनेक तर्क करता है कि प्रभु मैं आपसे रोना इसलिए रोता रहा हूं क्योंकि आप दयालु भक्तों के रुदन बर्दाश्त नहीं कर पाते। इसलिए महाराज श्री ने बताया रूदन ही वह भक्ति मार्ग की साधना है जो भगवत मिलन करा देती है। केवट की नाव से भगवान ने गंगा पार की और केवट को उतर आए देना चाहा लेकिन केवट ने मना कर दिया। रविवार के यजमान राजेश शर्मा एवं आशुतोष सिंह रहे। इस अवसर पर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जे जे मुनीर, चीफ स्टैंडिंग काउंसिल इलाहाबाद हाईकोर्ट शीतला प्रसाद गौड़, कुलपति रज्जू भैया विश्वविद्यालय सपत्नीक, बलराम चौरसिया, सेवा भारती प्रयागराज विभाग प्रमुख सुजीत सिंह, समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला परिषद अध्यक्ष अरवल बिहार, मंटू सिंह, रत्नेश सिंह, विनय सिंह, मोनू सिंह, राजेश साहू, महावीर, सुनील जायसवाल, अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवाल, दादू सिंह प्रधान संघ के अध्यक्ष करछना, अमित सिंह वकील साहब, टुनटुन पांडे, गुरुप्रकाश राव, जितेंद्र शर्मा, अमित पाठक, योगराज मिश्र, विंध्याचल चौरसिया, जेपी यादव, बच्चा लाल विश्वकर्मा, अजीत जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## सांसद खेल में दूसरे दिन कबड्डी का रोचक रहा मुकाबला

**झूंसी।** बहादुरपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांधी इंटर कॉलेज पटेल नगर, झूंसी में सांसद खेल स्पर्धा के दूसरे दिन कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालक और बालिका दोनों वर्गों से कुल बीस टीमों ने खेल में हिस्सा लिया। बालक वर्ग में तिलक इंटर कॉलेज कोटवा के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान तथा गांधी इंटर कॉलेज पटेल नगर झूंसी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बालिका वर्ग में सत्यम कबड्डी ट्रेनिंग सेंटर बाबूगंज ने प्रथम स्थान तथा प्रसाद कुशवाहा इंटर कॉलेज बलरामपुर के खिलाड़ियों ने द्वितीय स्थान हासिल किया। भाजपा नेता उमेश तिवारी, प्रधानाचार्य जय प्रकाश वर्मा, सांसद खेल सह प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह, अशोक मौर्य, बालक दास सरोज, आशुतोष, विमलेश पाल, रंजीत यादव, सतीश कुमार, आशुतोष कुमार, अनुराग सिंह आदि मौजूद रहे।

# नैनी गुरुद्वारे में बड़ी श्रद्धा से साहिब श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव मनाया





**नैनी।** नैनी गुरुद्वारा संगत द्वारा सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव बड़ी ही धूमधाम व श्रद्धा से मनाया गया' संगतो का प्रातः काल से ही गुरुद्वारे में आना प्रारंभ हो गया संगतो ने श्री गुरु ग्रंथ साहब जी के आगे मत्था टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया पंथ के प्रसिद्ध रागी जत्थो ने शब्द-कीर्तन, व्याख्या,गुरु इतिहास का वर्णन कर गुरु की महिमा से संगत को निहाल किया किया' सरदार पतविंदर सिंह ने मुख्यमंत्री से मांग की प्रदेश भर के सरकारी अस्पताल,व थानों पर श्री गुरु नानक देव जी द्वारा उच्चारित जन कल्याण हेतु (जपुजी) साहिब अमृतवाणी श्लोक अंकित करें ताकि आम लोग,डॉक्टर व पुलिसकर्मियों को सच्चे मार्ग मैं चलने की प्रेरणा मिल सके। सुरेंद्र सिंह ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने बताया है कि प्रेम के मार्ग पर चलकर ही सभी लोगों में एकता रखी जा सकती है यही शांति का मार्ग है अंधविश्वास से मानवता को उबारने व भाईचारा स्थापित करने के लिए श्री गुरु नानक देव जी ने नाम जपने,कीरत करने और वंड छकने की अवधारणा प्रस्तुत की' अरदास हुक्मनामा के उपरांत गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया सेवादारों में प्रमुख रूप से सुरेंद्र सिंह, ज्ञानी जसपाल सिंह,जे.एस.चावला,सतनाम सिंह चरनजीत सिंह,परमिंदर सिंह बंटी,सरदार पतविंदर सिंह,राजू चढ़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु रूप में महिलाएं,पुरुष ,बच्चे ,बच्चियां बड़ी तादाद में उपस्थित रहे।

## ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में गयादीन विश्वकर्मा इण्टर कालेज का शानदार प्रदर्शन



**प्रयागराज।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में, ग्रामीण खेल लीग 2023-24 के अंतर्गत, खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता उदयचंद्रपुर खेल मैदान, इस्माइलगंज, सोरांव, प्रयागराज में संपन्न हुई।प्रतियोगिता में गयादीन विश्वकर्मा इण्टर कॉलेज, भिदिउरा के जूनियर वर्ग से अनूप यादव ने एथलेटिक्स के अंतर्गत 100 मीटर दौड़ में दूसरा एवं 1500 मीटर में तीसरा स्थान, तथा सीनियर वर्ग से शिवम कुमार ने 200 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त किया।इसी के साथ कबड्डी प्रतियोगिता में गयादीन विश्वकर्मा इण्टर कॉलेज की सीनियर कबड्डी टीम उप-विजेता रही।इस मौके पर विद्यालय के प्रबन्धक तीर्थराज विश्वकर्मा ने प्रतिभागियों टीम प्रबंधक एवं प्रशिक्षक को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। प्रतियोगिता में ब्लॉक प्रमुख सोरांव प्रदीप कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुप्रिया सिंह, हर्ष शुक्ल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संदीप कुमार, केसरी नंदन शुक्ल, सूर्य बली, अरुण कुमार, प्रियांशू विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्ट्रीट वेंडर श्रमिकों को मानवाधिकार दिवस पर जानकारी दी गई



**नैनी।** नैनी पी डी ए मार्केट में इण्डो ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी, आई. जी. एस. एस. एस द्वारा प्रयागराज शहर के पी डी ए मार्केट सरगम नैनी, फाफामऊ और स्वराज नगर एरिया के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और स्ट्रीट वेंडर श्रमिकों के समुदाय में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाए जाने के विषय में मुख्य अतिथि डॉ योगेश मिश्र शासकीय अधिवक्ता हाईकोर्ट प्रयागराज और विशिष्ट अतिथि रवि शंकर वर्मा, नगर विक्रय समिति पदेन सदस्य पूनम शुक्ला एवं महिला पथ विक्रेता संगठन की महिला लीडर शशिलेश सिंघवी एवं पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ प्रमोद भारतीया और पूनम शुक्ला एवं सम्मानित पदाधिकारी गण लोगों का स्वागत करते हुए आज के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अतिथि द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आम जन मानस को मूल भूत सुविधाएं, सामाजिक समरसता और मूल कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए समुदाय के लोगों को विचारों से अवगत करते हुए विशिष्ट अतिथि द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं पथ विक्रेता श्रमिकों की मूल भूत सुविधाएं और कानूनों के बारे जानकारी देते हुए डॉ वन्दिता शुक्ला ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के सामाजिक मुद्दों एवं सामाजिक सुरक्षा हेतु जमीनी स्तर पर लोगों को सक्रिय करने हेतु विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं उनके मुद्दों पर विचार रखते हुए लोगों को अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के शुभ अवसर पर मानवाधिकार के सन्दर्भ में तथ्यों के साथ विचार देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में नगर निगम द्वारा नामित सदस्य अजय यादव और पूनम शुक्ला ने भी सभी अतिथियों एवं पदाधिकारी लोगों का पुनः स्वागत करते हुए आज के परिप्रेक्ष्य में महिलाओं के प्रति संवेदनशील होकर समाज को नई दिशा देने की जरूरत है क्योंकि आज भी महिलाओं को समाज में बदस्तूर लोग अपने कब्जे में शासन चलाते हैं लेकिन हम सभी महिलाओं को एकजुट होकर सशक्त बनकर समाज को बेहतर नई दिशा और सकारात्मक सोच के साथ बेहतर जीवन जीने का नजरिया बदलना होगा तभी समाज में महिलाओं के प्रति लोगों का विश्वास, दृढ़ संकल्प और सामाजिक सुरक्षा बनी रहेगी इसी के साथ कार्यक्रम के पदाधिकारी एवं कार्यक्रम संचालन की अध्यक्षता करते हुए आईजीएसएसएस के समुदाय संयोजक गोपेश चन्द्र और फुटपाथ दुकानदार के कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र कुमार शर्मा, प्रवीण कुमार, राजकुमार, पवन कुमार, सोनू कुमार, राजकुमार, द्विवेदी, दीपक यादव, राजेन्द्र केसरवानी, सन्तोष गुप्ता, संगीता देवी, सुबोध पाण्डेय और मन्जू चतुर्वेदी आदि साथियों द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का मंजुला सिंह एवं पथ विक्रेता संगठन शंकर ढाल नैनी के सोशल चेंज एजेंट ममाना खातून द्वारा आभार व्यक्त करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के शुभ अवसर पर सभी अतिथियों एवं पदाधिकारी लोगों का धन्यवाद करते हुए लोगों का कार्यक्रम में आभार व्यक्त करते हुए शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न किया गया।

## क्षेत्र के साथ ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का होगा संपूर्ण विकास : गणेश केसरवानी



**झूंसी।** महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी विस्तारित क्षेत्र में विकास के लिए लगातार योजनाएं तैयार कराने के साथ-साथ शासन से बजट की भी स्वीकृत करा रहे हैं उन्होंने कहा कि प्रयागराज के धार्मिक स्थलों व ऐतिहासिक स्थलों के भी सौंदरीकरण पर अधिकारियों को खाका तैयार करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि 19 करोड रुपए के कार्य की स्वीकृति मिली है मिले बजट को मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत विस्तारित क्षेत्र में नाली, खड़ंजा, सीसी रोड, नाला व जल संरक्षण के लिए तलाबों का भी सौंदर्य करण सहित अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे जिसके लिए बाकायदा टेंडर भी जारी कर दिया गया है टेंडर प्रक्रिया के बाद क्षेत्र में विकास कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। उन्होंने ने बताया कि झूंसी में पर्यटन की दृष्टि से उल्टा किला, समुद्र कूप व पारिजात के पेड़ को भी डेवलप कराया जाएगा। जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। कुछ दिन पहले ही महापौर गणेश केशरवानी ने झूँसी के ऐतिहासिक स्थलों का निरीक्षण किया था। उनके निर्देश पर समुद्र कूप के जल का परीक्षण कराया गया इसके बाद पता चला कि वर्षो से उपयोग न होने के बाद भी समुद्र का जल आज भी पीने योग्य है। अभी जल के नमूने की और भी जांच चल रही है।

# विकास कार्यो की वजह से मोदी का पूरी दुनिया में बज रहा डंका: श्रीराव साहेब पाटिल

## रेल राज्य मंत्री ने रेल क्रासिंग के उपरिगामी पुल व अन्य योजनाओं का किया शिलान्यास



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री श्रीराव साहेब पाटिल दानवे ने आज 107.09 करोड़ की लागत से 1477 मीटर लम्बे ओवरब्रिज का शिलान्यास करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी ने रेलवे के विकास को प्राथमिकता देते हुए इसका बजट कई गुना बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का बाल्य जीवन रेलवे स्टेशन पर बीता था, इसलिये यह रेलवे की स्थिति को अच्छी तरह समझते हैं और गरीबी में जीवन बीता, इसलिये गरीबों का दर्द समझते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड में गरीबों को मुफ्त राशन व वैक्सीन देकर भरपूर मदद की जिसका दुनिया भर में भारत की प्रशंसा हुई है। नया माल गोदाम रोड पर आरओबी बनने से 50 गांव जुड़ जाएंगे और प्रतापगढ़ से जौनपुर की दूरी 22 किमी घट जाएगी। इसके अलावा प्रतापगढ़ जंक्शन, अंतू एवं विश्वनाथगंज स्टेशनों का नाम बदलकर मां बेल्हा देवी धाम, मां चंदिका देवी धाम एवं शनिदेव धाम कर दिया गया है। इसके अलावा प्रतापगढ़ जंघई होते हुए वाराणसी तक जाने वाले रेल संचालन को नई गति देने के लिये रेल खण्ड का दोहरीकरण किया जा रहा है। उतरेटिया, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, जंघई रेलखण्ड के दोहरीकरण के लिये 1236.52 करोड़ रुपया आवंटित है। रेल मंत्री ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छह अगस्त 2023 को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रतापगढ़ स्टेशन को शामिल कर वीडियो लिंक के माध्यम से शिलान्यास किया था जिसके तहत 32.6 करोड़ की लागत से प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के नये भवन का निर्माण होगा। स्टेशन भवन में यात्रियों के लिये फूड प्लाजा, लाकर रुम, एक्सक्यूजिव लाउंज की व्यवस्था होगी। प्रतापगढ़ स्टेशन के प्लेटफार्म की लम्बाई बढ़ा दी गई है। इसी प्रकार, अंतू, चिलबिला, जलेसरगंज में स्टेशनों का विकास किया गया है। मत्री ने कहा कि सांसद संगम लाल गुप्ता की लगातार पैरवी से आरओबी के लिये केन्द्र सरकार व राज्य सरकार ने धन की स्वीकृति की है। आरओबी के लिये आधा पैसा केन्द्र और आधा पैसा राज्य सरकार देगी। प्रारंभ में सांसद संगम लाल गुप्ता ने मंत्री का स्वागत करते हुए पटखौली व जगेसरगंज में अंडरपास बनाने तथा अयोध्या चित्रकूट वाया प्रतापगढ़ होते हुए टेज्न चलाने की मांग की। इस अवसर पर डीआरएम मनीष डपन्याल, विधायक राजेन्द्र मौर्य व जीतलाल पटेल, पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा, पूर्व विधायक व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र व ओम प्रकाश त्रिपाठी, भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष रवि गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष प्रतिभा, जिलाध्यक्ष रुचि केसरवानी ने मंत्री का स्वागत किया।

इस अवसर पर डीआरएम के साथ लखनऊ मण्डल के वरिष्ठ अधिकारी, स्टेशन अधीक्षक मो0 शमीम, भाजपा नेता श्याम सुंदर टाऊ, ओम प्रकाश पाण्डेय उर्फ गुड्डू, महिला मोर्चा की पिंकी दयाल व सारिका श्रीवास्तव के अलावा भंगवा गांव के कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेक उपाध्याय ने किया।

## रेल मंत्री से कई ट्रोनों को चिलबिला जंक्शन पर रुकने की उठाई माँग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने चिलबिला स्टेशन के सौंदरीकरण पर माननीय रेल राज्य मंत्री जी को बधाई और धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि चिलबिला के स्टेशन का कायाकल्प हो चुका है लेकिन यहां पर गाड़ियां रुक नहीं रही हैं जिससे आम जनमानस को बहुत सी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। पत्र के माध्यम से सांसद के द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव दिए गए। आपके प्रयास एवं आपकी कृपा से चिलबिला स्टेशन का कायाकल्प हो गया है जिसके लिए प्रतापगढ़ की जनता आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करती है। माननीय मंत्री जी स्टेशन इतना लगदक हो गया लेकिन गाड़ियां नहीं रूक रही है। जिससे चिलबिला जंक्शन से ही एक तहसील पांच ब्लॉक एवं लगभग 400 गांव की जनता को बहुत ही दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अनुरोध किया कि इंटरसिटी, सरयू एक्सप्रेस, पद्मावत, पंजाब मेल, अर्चना आदि गाड़ियो का ठहराव चिलबिला जंक्शन पर होने लगे जिससे आमजन मानस को काफी सहूलियत मिलेगी।



ग्राम सभा बेलखरी में आयोजित कार्यक्रम में बोलते सांसद संगम लाल गुप्ता।

## बेलखरी ग्राम में शहीद अनूप सिंह स्मृति द्वार एवं पुलिस चैकी का हुआ भूमि पूजन

### सांसद, विधायक, डीएम, एसपी ने की शिरकत

**अखंड भारत संदेश**

प्रतापगढ़। मांधाता ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा बेलखरी में शहीद अनूप सिंह के पिता रमेश बहादुर सिंह के द्वारा स्मृति द्वार एवं पुलिस चैकी के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद, शासकीय अधिवक्ता विवेक उपाध्याय आदि सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि इस तरह की आयोजन से लोगों को अनेक प्रकार की प्रेरणा मिलती है और अपने वीर सपूतों को भी याद करते हैं। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि सांसद एवं विधायक की प्रेरणा से ही यह कार्य संपन्न हो पाया है इस चैकी के माध्यम से हमेशा जनपद के लोग उनके बलिदान को याद रखेंगे कि इस धरती पर कोई वीर पैदा हुआ था और बच्चों को यह प्रेरणा देता रहेगा उनके जैसे बनने की अच्छी सीख मिलेगी। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने शहीद हुए परिवार को अपना परिवार बताया और कहा कि पुलिस परिवार सदैव शहीद परिवार को संरक्षण देता रहेगा। पुलिस लाइन में बनने वाली वह बहू मंजिला इमारतो में से एक का नाम शहीद अनूप सिंह के नाम पर रखा जाएगा। विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने कहा कि शहीद द्वार से शहीद अनूप सिंह के घर तक की पक्की सड़क के शीघ्र निर्माण का कार्य कराया जाएगा और कहा कि हमारे विश्वनाथगंज का ऐसा वीर सपूत इस धरती पर जन्म लिया है। इस अवसर पर उपस्थित जूनियर बार के अधिवक्ता जय प्रकाश मिश्रा, क्षेत्र पंचायत सदस्य बृजेश सिंह, नगर पंचायत मांधाता के अध्यक्ष प्रतिनिधि बादल पटेल सहित अन्य पदाधिकारीगण व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## समाजवादी शिक्षक सभा की कार्यकारिणी घोषित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति एवं शिक्षक सभा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.एसपी सिंह पटेल की संस्तुति पर समाजवादी शिक्षक सभा की कार्यकारिणी बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश सचिव ज्ञानसिंह पटेल व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ.पंकज यादव उपस्थिति में घोषित की गई। समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष जगदीश कुमार यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर माला पहनाकर शुभकामनाएं दी।

नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रामदत्त यादव, वरूण कुमार पटेल, शिवकुमार यादव, मो. मोइनुद्दीन, मनोज वर्मा, शिवधन यादव, राम शंकर गौतम, कोषाध्यक्ष अनिल यादव, प्रवक्ता आशीष यादव, सचिव सुरेश कुमार, राजमणि यादव, शैलेंद्र यादव, मो. जावेद, यदुनाथ यादव, सत्येश कपूर, गुलाब सिंह यादव, सीएल शर्मा, रामआसरे यादव, सुरेंद्र कुमार पाल, अवधेश वर्मा, राज बहादुर यादव, केसरी नाथ पटेल, राहुल यादव, अजीत पटेल, कार्यकारिणी सदस्य में अमर बहादुर यादव, प्रदीप कुमार कोरी, शंभू नाथ यादव, हरी लाल यादव, राहुल सरोज नियुक्त हुए। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीष पाल, विधानसभा अध्यक्ष अहमद अली, महासचिव प्रदीप यादव, मान्धाता नगर अध्यक्ष कुलदीप यादव, राजकुमार सिंह सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# नहीं रहे कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष जमुना प्रसाद पाण्डेय, कांग्रेस ने जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बराछा ग्रामसभा निवासी जमुना प्रसाद पाण्डेय का ईलाज के दौरान पीजीआई में निधन हो गया। बृजेन्द्र मणि इण्टर कॉलेज में प्रवक्ता के पद पर रहे,दो वर्ष पूर्व रिटायर मेंट हुआ। आजीवन कांग्रेस के सदस्य रहे,जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़े, उनका क्षेत्र में बहुत सम्मान रहा।

लगभग 10 दिनों से सहारा हास्पिटल में एडमिट रहे। दो दिन पूर्व पीजीआई में एडमिट हुए और कल रात को उनका निधन हो गया स उनके निधन से कांग्रेस परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनके आकस्मिक निधन पर राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता एवं सांसद प्रमोद तिवारी जी एवं कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता एवं रामपुर खास की विधायक आराधना मिश्रा मोना ने उनके पुत्र से फोन पर बात करके शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए और कहे कि जमुना पांडेय जी मेरे पारिवारिक सदस्य थे उनका जाना मेरे और प्रतापगढ कांग्रेस परिवार के लिए दुखद एवम पीड़ा दायक है, मैं आपके और आपके परिवार के साथ हूं जहां भी मेरी जरूरत होगी मैं साथ रहूंगा। वहीं दूसरी तरफ जमुना प्रसाद पाण्डेय के आकस्मिक निधन से कांग्रेस पदाधिकारीगण दुखी एवम शोक में है। आज उनके पैतृक गांव बराछा पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर कांग्रेस का तिरंगा झण्डा ओढ़ाकर नम आंखों से विदाई की गई। उनकी अन्तिम यात्रा में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकुंद तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष इरफान अली, पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंग प्रकाश मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.वी के सिंह,यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी, पी.सी.सी सदस्य डॉ. प्रशान्त देव शुक्ला, कांग्रेस कोषाध्यक्ष एवं कार्यालय प्रभारी वेदान्त तिवारी, जूनियर बार के अध्यक्ष रोहित शुक्ला, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, संजय इश्तियाक, सलीम उल्ला, जावेद अहमद, बेलाल अहमद, विश्वास सिंह आकाश मिश्रा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



## अभिषेक कुमार का भारत पेट्रोलियम में विपणन अधिकारी के पद पर चयन हुआ

**प्रतापगढ़।** जिले के मान्धाता ब्लाक के ग्राम-घाटमपुर पोस्ट-भदोही के निवासी अभिषेक कुमार का चयन भारत के नवरत्नों में एक भारत पेट्रोलियम के विपणन अधिकारी के पद पर चयन होने से परिजनों व क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी अभिषेक के पिता जितेंद्र कुमार जो प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत है।

अभिषेक कुमार जो बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि की रहे हैं, धनबाद से परास्नातक के बाद नेट जे0आर0एफ0की परीक्षा के बाद शोध कार्य कर रहे अभिषेक इस सफलता से पूरा परिवार व स्वजनों मे खुशियों की लहर दौड़ गई।

अभिषेक कुमार अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार माता-पिता, स्वजनों सहित अपने गुरुओं को देते है। इस अवसर पर आचार्य राजीव कुमार, दिनेश कुमार, राकेश कन्नौजिया, लीलावती, वेद प्रकाश, श्याम शंकर सरोज, स्वतंत्र कुमार, अरविंद कुमार, अवधेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, संगीता, अमिता, कमला देवी, रामप्यारी, सुमाना, रामकृष्ण, अर्पिता, सौरव आनंद वर्मा, मनोज कुमार, विनोद सरोज, प्रभात कुमार, मनोज कुमार आदि क्षेत्रवासियों का बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।



## मधुमक्खी पालन के उत्कृष्ट कार्य पर अवार्ड व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां/प्रतापगढ़।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा नई दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय मिलेनियर फार्मर अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम में प्रतापगढ़ जिले के ग्राम पंचायत ऐमाजाटूपुर के प्रगतिशील व भारतीय नौसेना से रिटायर्ड किसान अजय सिंह को मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिलेनियर फार्मर अवॉर्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजित इस मिलेनियम फार्मर कार्यक्रम में चयनित किसानों को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और केरला के पूर्व राज्यपाल पलानीस्वामी सदाशिवम ने प्रतापगढ़ जिले से एकमात्र चयनित अजय सिंह को यह पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस सेरेमनी में देशभर के मिलेनियर किसानों ने हिस्सा लिया। अजय सिंह ने कोरोना महामारी के उपरांत अपने गाँव में कृषि विज्ञानं केंद्र प्रतापगढ़ के द्वारा गरीब कल्याण रोजगार अभियान के अंतर्गत मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण लिया इसके उपरांत कृषि विज्ञानं केंद्र में 14 युवकों को आर्या योजना अंतर्गत मधुमक्खी पालन में प्रशिक्षणोपरान्त सामूहिक रूप से इस व्यवसाय को केवल शहद उत्पादन के लिए 50 बक्सों के साथ शुरू किया।

## विवाहिता को ससुरालीजन कर रहे परेशान, लगाई गुहार

**अखंड भारत संदेश**

पट्टी, प्रतापगढ़। विवाहिता को ससुराली जन गाली गलौज करके मारने पीटने की धमकी देकर परेशान कर रहे है। विवाहिता की बहन ने इस सम्बंध में पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बदामा देवी पत्नी सुशील यादव निवासी गांव धरौली, थाना आसपुर देवसरा ने शिकायती पत्र देकर बताया कि प्राथीर्नी का मायका रघवापुर थाना आसपुर देवसरा है। प्रार्थिनी का कोई भाई नहीं है। शादी के बाद अपने बूढ़े माता-पिता की किसी तरह सेवा करती है। प्राथीर्नी की बहन प्रभावती देवी की शादी 5 साल पहले आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत राजेंद्र यादव ग्राम पर्वतपुर सुलेमान के साथ हिन्दू रीति रिवाज से से हुई थी। वृद्ध माता की असमर्थता और आर्थिक तंगी के कारण प्राथीर्नी और उसके पति ने एक अभिभावक की तरह समस्त खर्च वहन करते हुए बहन प्रभावती का विवाह संपन्न कराया। प्राथीर्नी की बहन प्रभावती जब अपनी ससुराल गई तो तभी से पति, ससुरा सहित अन्य ससुरालीजन दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। मायके में कोई भाई ना होने के कारण उसने यह बात मुझे बताई, ससुरालीजनों को इस बात को लेकर समझाया बुझाया गया लेकिन दहेज लोभी ससुरालीजन अपनी आदत से बाज नहीं आए। इस पर प्रभावती ने पति समेत अन्य ससुरालीजनों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का वाद प्रतापगढ़ न्यायालय में दर्ज कराया। मामला मेडिएशन में जाने के कारण बीते 24 नवंबर को प्रभावती की ननद और नंदोई के काफी समझाने बुझाने के बाद वह अपनी ससुराल पर्वतपुर सुलेमान गई।

# डाही गांव में काव्यगोष्ठी का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शतदल, परशुराम, देवव्रत सहित कई नाटकों के रचनाकार, हिंदी संस्थान उत्तर प्रदेश के साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित साहित्य महारथी तथा पूर्व प्रधानाचार्य साहित्यकार रामबोध पाण्डेय के जन्मदिन के अवसर पर उनके आवास डाही में एक काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मौजूद कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से उनके मंगलमय जीवन की कामना किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीजी कॉलेज पट्टी के प्रोफेसर डाक्टर कृष्ण प्रताप सिंह तथा कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे रामबोध पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन तथा पूजन करके किया। उसके बाद साहित्यकार राजेंद्र प्रसाद पांडे गड़बड़ ने मां वीणा वादिनी की अपनी रचना के माध्यम से बंदना किया। उन्होंने सोहर गीत के माध्यम से साहित्यकार रामबोध पांडेय के मंगलमय जीवन की कामना किया। कवि जयराम पांडे राही ने अपनी रचना गुरुदेव कृपा जरा सी हम पर बनाए रखना के माध्यम से मौजूद लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। साहित्यकार रामजी मिश्र चित्रकार ने अपनी रचना काया निरोगी होई के माध्यम से कविता पढ़ी, मनोज यादव ने सृजन की शक्ति संवरती रहे, यशकीर्ति की पताका फहराती रहे। रचना के माध्यम से उनके मंगलमय जीवन की कामना किया।



इस अवसर पर साहित्यकार रामबोध पांडे ने नया एक सूरज उगने चला हू कविता का पाठ किया जिस पर सभी लोग भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीजी डिग्री कॉलेज पट्टी के प्राध्यापक प्रोफेसर कृष्ण प्रताप सिंह ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है और साहित्यकार समाज को नई दिशा देते हैं समाज की विसंगतियों के बारे में जहां वह लोगों को बताते है वही रचनाओं के माध्यम से उस पर प्रहार करते हैं। कार्यक्रम का संचालन दिनेश त्रिपाठी एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिषेक, मनोज मिश्रा, सुरेश चंद्र पांडे, उमेश पाण्डेय, बृजेश पांडेय, सुमित पांडेय, अमित पांडेय, राज, शिखर तिवारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बारात से लौट रहे युवक की हादसे में मौत

पट्टी, प्रतापगढ़। बारात से लौटते समय एक हादसे में युवक की जान चली गई। शव की पहचान करने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आसपुर देवरा थाना अंतर्गत चनौकी गांव से बारात शनिवार को पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भदेवरा गांव आई हुई थी। पूरा गांव का रहने वाला विपुल यादव पुत्र घनश्याम यादव (25) भी अपनी बोलोरो लेकर बारात में आया हुआ था। खाना खाने के बाद वह बोलेरो चलते हुए रात 11 बजे बारातियों को लेकर घर वापस लौट रहा था। पट्टी बायपास के पास अचानक एक ट्रैक्टर ट्राली को उसने टक्कर मार दिए जिससे मौके पर ही विपुल की मौत हो गई मृतक विपुल दो भाई तथा एक बहन में सबसे छोटा था। बड़ा भाई सुनील घर पर रहता है वही पिता घनश्याम घर पर रहकर खेती-बाड़ी करते हैं। विपुल की मौत के बाद परिजनों में कोहरा मच गया।

## नौनिहालों को दी गई दो बूंद जिंदगी की खुराक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय लालगंज सीएचसी में रविवार को पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभिया न का समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। विशेष बूथ को रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था। नौनिहालों को चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी की ओर से टाफिया भी बाँटी गई। अधीक्षक डा० अरविंद गुप्ता व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने नौनिहालों को पोलियो से बचाव की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। अधीक्षक डा० अरविंद ने बताया कि सभी बूथों पर एहतियातन बच्चों को खुराक पिला ई जायेगी। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कहा कि दिव्यांगता के अभिशाप को समाप्त करने के लिए सतकर्तता जरूरी है। संचालन बीपीएम वृजेश पाण्डेय ने किया।

# पूर्व ग्राम प्रधान की ट्रेन से कटकर संदिग्ध परिस्थितियों मे हुई दर्दनाक मौत

### सूबेदार का पुरवा गांव के सामने होम सिंगल के निकट हुई घटना

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक के परियावां कालाकाकर रेलवे स्टेशन के पूरब होम सिंग्नल के निकट रविवार की भोर पहर लगभग 7 बजकर 20 मिनट पर रेलवे ट्रैक पर शव मिलने पर क्षेत्र मे हड़कंप मच गया। रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की खबर मिलते ही ग्रामीणो की भारी भीड़ जमा हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी व आर पी एफ ऊंचाहार एस आई पवन सिंह (इंचार्ज) अपने स्टॉफ के साथ घटना स्थल पर पहुँचे घटना स्थल नवाबगंज थाना क्षेत्र का होने के कारण नवाबगंज पुलिस ने शव को रेलवे ट्रैक से बाहर कराया जिसकी पहचान यमुना प्रसाद पटेल पुत्र रामकिसुन पटेल (50) वर्षीय पूर्व ग्राम प्रधान निवासी परसई सूबेदार का पुरवा के रूप मे हुई। घटना स्थल पर ग्रामीणो की भारी भीड़ इकठ्ढा हो गई। मृतक का बेटा पवन उर्फ. सोनू व पिता रामकिसुन व पत्नी सीमा व बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है किसी को कुछ समझ मे नही आ रहा है लगभग दो वर्ष पूर्व मृतक यमुना पटेल सड़क दुर्घटना मे गंभीर रूप से घायल हो गये थे जो पैर से वाकर के सहारे चलते थे।

सड़क दुर्घटना के बाद ग्रामीणो के मुताबिक पारिवारिक कलह कलेश से परेशान रहते थे। बताते हैं शनिवार की देर रात खाना खा पीकर कमरे मे सोने चले गये। सुबह रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंच गये जब की घर मे शौचालय है रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुँचे इस बात को लेकर मृतक के पिता व पत्नी, बेटा कुछ समझ नहीं पा रहे हैं। नवाबगज पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पी एम के लिए जिला अस्पताल भेजा दिया। मृतक के बेटे पवन उर्फ. सोनू पटेल ने नवाबगंज पुलिस को दिये गये तहरीर मे कहा है कि मेरे पिता यमुना पटेल शनिवार की भोर पहर अपने खेत की तरफ रेलवे पटरी पार कर रहे थे कि अचानक ट्रेन की चपेट मे आ गये जिससे मौत हो गई। उधर नवाबगज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी घटना क्रम मे पुरी बारीकी से जाँच पड़ताल कर रहे हैं।



रेलवे ट्रैक पर जुटे परिजन व ग्रामीणों व भीड़।

## खबर संक्षेप

### अप्रेन्टिसशिप मेला 11 को

**कौशाम्बी।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,सिराथू श्री के0 के0 राम ने अवगत कराया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिराथू में दिनांकः 11 दिसम्बर 2023 को अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन व्यापक स्तर पर किया जा रहा है,जनपद के अधिकाधिक सरकारी/निजी अधिष्ठान अप्रेन्टिसशिप उपलब्ध कराने के लिए उपस्थित रहेंगे। उन्होंने जनपद के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके प्रशिक्षार्थियों को सूचित किया है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर अप्रेन्टिसशिप मेले के अवसर का लाभ उठाए।

### नाली सड़क से कब्जा हटाने का नगर पालिका ने दिया निर्देश

**कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अधिशासी अधिकारी ने लाउडस्पीकर लगा कर सड़क और नाली पर अवैध कब्जा हटाने के लिए ऐलान कराया है शासन प्रशासन के मंशानुरूप नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अधिशासी अधिकारी ने शनिवार के दिन नगर पालिका परिषद के चारों ओर लाउडस्पीकर लगा कर ऐलान कराया है कि नगर में सड़क और नाली पर अवैध कब्जा करने वाले लोग जल्द ही कब्जा हटा ले अन्यथा कब्जा न हटाने वालो के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अल्टीमेटम पूरा होते ही प्रशासन हुआ सक्रिय, विरोध के बावजूद अधिग्रहित भूमि को कराया खाली

**ओवरब्रिज निर्माण में बाधक बने महिला,पुरुष को पुलिस ने लिया हिरासत में**

**पुलिस प्रशासन के भारी लाव लश्कर को देख क्षेत्र में मचा रहा हड़कंप**

**निर्बाध कार्य सुचारू होने पर आर ए एफ अधिकारी को सीओ ने किया सम्मानित**





**अझुवा कौशांबी।** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज कान पुर सेक्सन अतसराय घुमाई रेलवे संपार संख्या 32 सी 2 लेन रेल उपरिगामी सेतु का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री केशवप्रसाद मौर्य ने मार्च 2021 में किया था जिसकी लागत 3912.11लाख लंबाई 799.405 मीटर थी उपरिगामी सेतु का निर्माण अप्रैल 2021 से मार्च 2023 तक कार्यदाई संस्था को तैयार करना था सम्पार पर कार्यदाई संस्था ने एक तरफ का पिलर सहित सेतु का निर्माण कर लिया किंतु दूसरी तरफ बस्ती क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुआवजा को लेकर अड़ंगा लगा दिया जिससे कार्य बाधित हो गया प्रोजेक्ट मैनेजर रोहित मिश्र के अनुसार सरकार द्वारा निर्धारित किए गए मुआवजा और अधिग्रहण में एक वर्ष का समय बर्बाद हो गया कई ग्रामीणों ने अधिग्रहित भूमि को रजिस्ट्री कर दिया कई ग्रामीणों ने अपनी भूमि बताते हुए रजिस्ट्री और मुआवजा लेने से इंकार कर दिया कई बार नोटिस दी गई लेकिन मामला खटाई में पड़ा रहा बीते कल 9 दिसंबर को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने बिंदकुमार, शुभनेत्र,दरिया, जयनेंद्र सहित 10 घरों में नोटिस चस्पा कर 24 घंटे में अधिग्रहित भूमि को खाली करने का अल्टीमेटम दिया आज दिनांक 10 दिसंबर को अल्टीमेटम पूरा होते ही सिराथू सर्किल के अधिकारी अवधेश विश्वकर्मा, एसडीएम प्रवुद्ध सिंह जिले के कई थानों की पुलिस बल,दंगा नियंत्रण टीम,पी ए सी , भारी मात्रा महिला पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और विरोध कर रहे महिला,और पुरुषों को हिरासत में लेकर जेसीबी लगवाकर कार्य शुरू करवा दिया इस दौरान सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने विरोध और नोटिस न लेने वालों को समझाते हुए बताया कि यह सरकारी कार्य है,जब अधिकतर लोगों ने भूमि रजिस्ट्री कर मुआवजा प्राप्त कर लिया तो कुछ लोग क्यों विकास में बाधक बन रहे हैं सेतु बनने से लोगों को जाम के झाम से छुटकारा मिलेगा किसी बीमार को ले जाने में सहूलियत प्रदान होगी यह जनहित का मामला है इसमें आप लोग अड़ंगा क्यों लगा रहे हैं किसी तरह की अवस्था अराजकता न फैले पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है जेसीबी से कार्य सुचारू रूप से शुरू हो गया तत्पश्चात आर ए एफ अधिकारी अवधेश को एसडीएम सिराथू प्रवुद्ध सिंह एवम सर्किल आफिसर सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया तथा किसी तरह की अप्रिय घटना से निपटने के लिए जिले की भारी मात्रा महिला पुलिस,कई थानों की पुलिस,पीएसी एवम प्रशासनिक अमला मौजूद रहे हैं इस दौरान क्षेत्र में गहमा गहमी का माहौल देखा गया है।

# 11 दिसम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**ग्राम पंचायत-रूपनारायणपुर सैलावी, एदिलपुर, काजू, सिकन्दरपुर आइमा, ऐगवां उपरहार, कोरीपुर, बघेलापुर उपरहार, गुलामीपुर, पकसराई, खपराखन्देवरा, महिला एवं निखोदा में होगा कार्यक्रम**

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-रूपनारायणपुर सैलावी, एदिलपुर, काजू, सिकन्दरपुर आइमा, ऐगवां उपरहार व कोरीपुर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा बघेलापुर उपरहार, गुलामीपुर, पकसराई, खपराखन्देवरा, महिला व निखोदा में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 11 दिसम्बर 2023 को ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। विकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्वमेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/ विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/ स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-धरती कहे पुकारह्व एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

### साइबर ठगी का शिकार हुआ युवक, चालसाज ने खाते से उड़ा दिया 35 हजार रुपया

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम समसपुर में एक आदमी के खाते से साइबर फ्रॉड चालसज ने धोखे से 35 हजार रुपए उड़ा दिया, ऑनलाइन डॉक्टर के अस्पताल का नम्बर गुगल से सर्च किया मिल गया फ्रॉड का नम्बर जब तक युवक कुछ समझ पाता तब तक उसे ठग कर ठगबाज अपना काम 35 कर चुका था। जानकारी के मुताबिक समसपुर गांव का रहने वाला धर्मेन्द्र कुमार यादव पुत्र स्व बड़ेलाल ने चरवा थाना प्रभारी को शिकायती प्रार्थना देकर अपने साथ हुई ठगी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उसने 6 दिसम्बर को प्रयागराज के एक डॉक्टर के अस्पताल का मोबाइल नंबर गुगल से सर्च किया तो उसे वहां पर एक नम्बर मिला जिसका नम्बर 8240487804 है। धर्मेन्द्र कुमार ने इसी नम्बर पर बात किया और उसके बाद इसी नम्बर से धर्मेन्द्र कुमार यादव के मोबाइल में व्हाट्सएप पर लिंक भेजा जिसके जरिए धोखे से धर्मेन्द्र कुमार यादव ने उस चलसाज के भेजे लिंक पर टच कर दिया जिससे उसे यूपीआई नम्बर ले लिया जिससे धर्मेन्द्र के गुगल पे अकाउंट से बीते 9 दिसम्बर को 35 हजार एक सौ रुपया काट लिया। पैसा कटने के बाद धर्मेन्द्र परेशान हैं और उसने इसी सुचना पुलिस को दी मामले की जानकारी के बाद पुलिस इस ठगी के खुलासे में लग गई है।

# निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के पास झाड़ियों में लगी आग से हड़कंप



**फायर ब्रिगेड कर्मियों ने बुझाई आग**

**कौशाम्बी** जिले में निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज के पास झाड़ियों में सुबह अचानक आग लग गई,झाड़ियों में आग लगने से हड़कंप मच गया,आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। मामला मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर स्थित निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज के पास का है जहा सुबह अचानक आग लग गई,ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर स्टेशन मंझनपुर को दी, सूचना मिलने पर कार्यवाही करते हुए, फायर स्टेशन यूनिट ने होजरील से पानी पंपिंग कर कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूर्ण रूप से काबू कर लिया और आग को बुझा दिया।

# हाइवे में धड़ल्ले से होता है सरिया लोहा कोयला इंगल डीजल पेट्रोल आनाज का अवैध कारोबार

**महावारी मिलने के चलते दुकानों पर कार्यवाही करने का साहस थाना पुलिस से लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी नहीं कर पाते**

**कौशाम्बी।** बीते चार दशक से जरायम के धंधे के मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग के सैनी कोतवाली से कोखराज थाना तक दर्जनों दुकानदार फल फूल रहे हैं जिन पर पुलिस से लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों की लगातार मेहरबानी बनी हुई है सैनी कोतवाली से लेकर कोखराज थाना तक राष्ट्रीय राजमार्ग में पुलिसिया सरपरस्ती में चोरी के सरिया सीमेंट पेट्रोल डीजल कोयला ट्रकों से उतारने वा निकालने का खेल बीते कई वर्षों से बेखौफ तरीके से चल रहा है आला अधिकारियों के तमाम प्रयास के बाद भी यह अवैध दुकाने नहीं बंद हो सकी हैं कोखराज थाने से लेकर हर कदम पर एक ऐसी दुकान है जहां पर चोरी की सरिया पेट्रोल डीजल सीमेंट कोयला आनाज आदि सामान गैर कानूनी तरीके से दुकानों में खरीदा जाता है ढाबों में खड़े होने वाले ट्रकों से मौका मिलते ही समान पर कर दिया जाता है और उन्हें फिर बेच दिया जाता है सूत्रों की माने तो इलाके में तीन दर्जन अवैध तरीके से दुकाने बीते चार दशक से बेखौफ तरीके से चल रही है जिनमें लाखों रुपए प्रत्येक सप्ताह प्रत्येक दुकान में अवैध व्यापार होता है करोड़ों के होने वाले इस व्यापार से संबंधित विभाग के अधिकारी और पुलिस लगातार लापरवाह बनी हुई है राष्ट्रीय राजमार्ग में खुली इन दुकानों के पास संबंधित विभाग का लाइसेंस भी नहीं है लेकिन फिर भी संबंधित विभाग के अधिकारी भी इन दुकानों की जांच कर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं वहीं लोगों की माने तो अवैध तरीके से सीमेंट सरिया पेट्रोल डीजल कोयला आनाज खरीदने में लगे इन दुकानदारों से पुलिस की महिनवारी बंधी है जिससे पुलिस का खर्च चलता है जिसके चलते दुकानदार दिन-रात फलते-फूलते हैं महावारी मिलने के चलते दुकानों पर कार्यवाही करने का साहस थाना पुलिस से लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी नहीं कर पाते है चोरी के इस गोरख धंधे पर आखिर कब तक रोक लगाई जाएगी।

### युवक की खरीदी जमीन पर दबंगई से दबंगो ने जबरन किया कब्जा

**कौशाम्बी।** बड़ेगांव पट्टी परवेजाबाद थाना संदीपन घाट के रहने वाले एक युवक ने सराय अकिल थाना क्षेत्र के रसूलपुर सुकवारा में जमीन खरीदी थी जिस पर वहीं के कुछ दबंग किस्म के लोगो ने कब्जा कर लिया है। अपनी जमीन से कब्जा हटवाने गए युवक को दबंगो ने उसे वहा से गोली मारने की धमकी देकर भागा दिया। जिससे परेशान युवक ने सराय अकिल थाना में शिकायती प्रार्थना देकर अपना दुःख बया किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मोहम्मद अहमद पुत्र अलीजान खां निवासी ग्राम बड़ेगांव पट्टी परवेजाबाद, थाना संदीपन घाट, ने शिकायती प्रार्थना में बताया कि उसने अपने सगे मामा अब्दुल करीम अजीज उर्फ अज्जन पुत्र मंजूर हुसैन ग्राम रसूलपुर सुकवारा, थाना सराय अकिल से एक जमीन खरीदी थी जो खंडार नुमा दिनांक 02/02/1991 में जमीन को खरीदा था। जिसको मोहम्मद अहमद धन अभाव की वजह से नही बना पाया था। अब उस जमीन पर कुछ दबंग जबरन कब्जा कर के छप्पर इत्यादि बना कर जमीन छोड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं मोहम्मद अहमद के मना करने व जमीन खाली करने के लिए कहने पर उसे दबंग गोली मारने की धमकी दे रहे है। हालाकि सराय अकिल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

# कसिया पश्चिम गांव में अमृत सरोवर मनरेगा मजदूरी में फिर बड़ी धांधली

**सीडीओ कौशाम्बी से बात कर जानकारी देने पर उन्होंने इसकी जॉच करा कर कार्यवाही करने का अस्वासन दिया**



**कोखराज कौशाम्बी।** विकास खण्ड सिराथू के ग्राम पंचायत कशिया पश्चिम में मनरेगा योजना में खुलेआम लाखों का घोटाला हो रहा है मनरेगा योजना के मजदूरी में फर्जी लोगों के नाम डाल कर सरकार का रुपया लूटा जा रहा है जबकि मनरेगा मजदूरों का अमृत सरोवर तालाब में काम लगाया है लेकिन मौके पर केवल 26 मनरेगा मजदूरों की उपस्थिति रही वही सरकारी अभिलेखों में 34 लोगों के नाम भर कर लगातार रुपया निकाल कर बन्दर बॉट करने में ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी लगे है ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा मनरेगा मजदूरों के फर्जी नाम भरे गए हैं लगातार फर्जी नाम भर कर कार्य कराए जा रहे हैं मौके पर मौजूद मजदूरों ने अपना अपना नाम भी बताना चाहा लेकिन ग्राम प्रधान पुत्र मजदूरी रोक देने की धमकी दी। ग्रामीणों की बातों को सत्य माने तो ग्राम पंचायत के मनरेगा योजना में बड़ी धांधली करके फर्जी नाम भरकर सरकार के बजट को खाली करने में ग्राम पंचायत के जिम्मेदार लगे हैं। मनरेगा योजना में खुलेआम हेरा फेरी के इस मामले में अधिकारी गंभीर नहीं है जिससे ग्राम पंचायत के जिम्मेदार सरकारी खजाने को लूटते दिख रहे हैं जिससे मजदूरों को रोजगार भी नहीं मिल रहा है यदि प्रकरण की अधिकारियों ने उच्च स्तरीय जांच कराई तो मनरेगा मजदूरी में हेरा फेरी करने वाले लोगों की मुसीबत बढ़ना तय हैं लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है मनरेगा स्तर पर पूरे जिले में ब्लॉक और जिले के जिम्मेदारों की देखरेख में बड़े घोटाले हो रहे हैं पूरे जिले के कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो मनरेगा डीसी के फर्जी नाम दर्ज करने में संलिप्त उजागर होगी।

# शिक्षामित्र के भरोसे चल रहा है विद्यालय प्रधानाध्यापक रहते हैं नदारत

**बच्चों को नही मिलता भोजन किचन व शौंचालय मे लटकता है ताला**



**नेवादा कौशाम्बी।** जहां एक तरफ राज्य सरकार योगी आदित्यनाथ बच्चों को खूब पढ़ो आगे बढ़ो का ढिढोरा पीट रहे हैं लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों के रहमो करम पर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय मे बच्चों को भोजन भी नसीब नही होता कहीं कहीं प्रधानाध्यापकों की मनमानी से किचन मे व शौचालय मे ताला लटकते रहते हैं जिससे बच्चों को भूंखे रहना पड़ता है व शौंच के लिये भी परेशान होना पड़ता है नेवादा ब्लाक के दरियापुर गांव मे उच्च प्राथमिक विद्यालय मे प्रधानाध्यापक आये दिन गायब रहते हैं शनिवार को अखंड भारत अखबार की टीम बिद्यालय मे अचानक पहुंच गई तो वहां पर सिर्फ एक शिक्षामित्र टीचर मौजूद थे और बच्चों से जानकारी लेने पर पता चला कि प्रधानाध्यापक कभी कभी आते हैं और बिद्यालय परिसर मे देखा गया काफी खामियां मिली बिद्यालय मे महज 13 बच्चे मौजूद थे जब कि उन बच्चों को मिड्डे मील भोजन भी नही बनाया गया क्यों कि प्रधानाध्यापक किचन एवं अन्य कमरों मे ताला लगाकर चाभी अपने पास रखते हैं यहां तक कि शौंचालय को भी बन्द कर चाभी अपने पास रखते हैं और बच्चों को शौंच के लिये भी तरसना पड़ता है यहां पर सरकार से मोटा वेतन लेने के बाद भी शिक्षामित्र के भरोसे छोंड़कर आये दिन प्रधानाध्यापक नदारत रहते हैं क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए विद्यालय से गायब रहने वाले प्रधानाध्यापक और शिक्षकों पर कार्यवाही की मांग कर विद्यालय की व्यवस्था सुधारने जाने की मांग की है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल वाद 30291 का निस्तारण कर वसूला 2,70,32,123 रुपए

**कौशाम्बी।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश अनुपग कुमार की अध्यक्षता में 9 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। न्यायिक अधिठान के सभी न्यायिक अधिकारीगण एवं बैंक अधिकारी व कर्मचारीगण तथा जनमानस उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निस्तारण के कम में जनपद न्यायाधीश द्वारा कुल 03 वाद का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय द्वारा 04 वादों का निस्तारण कर प्रतिकर के रूप में 14,45,000/ रुपए दिलाया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा कुल 31 परिवारिक वादों का निस्तारण किये गये तथा इसी क्रम में अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम द्वारा कुल 03 बाद का निस्तारण कर 40,000/ रुपए अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी द्वारा 06 वाद का निस्तारण कर 2,000/ रुपए का अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट द्वारा कुल 02 वाद का निस्तारण किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश सप्तम द्वारा कुल 16 वाद का निस्तारण कर 30,000/ रुपए का अर्थदण्ड बसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश अष्टम द्वारा विद्युत अधिनियम के 301 वादों का निस्तारण कर 5,01,900/- जुमार्ना वसूला गया। अपर जिला न्यायाधीश/ त्वस्ती न्यायालय प्रथम द्वारा कुल 02 शिकायतें का निस्तारण कर 500/ रुपए अर्थदण्ड वसूला गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कुल 5617 फौजदारी वादों का निस्तारण कर 5,58,060/ रुपए अर्थदण्ड वसूला गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट / सिविल जज सी०डि० द्वारा कुल 663 वादों का निस्तारण कर 1,400/ रुपए का अर्थदण्ड अधिरोपित करने के अतिरिक्त 9225545/ रुपए का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। सिविल जज जु०डि० द्वारा कुल 879 बादों का निस्तारण कर 3,020/ रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 381 वादों का निस्तारण कर 23,450/ रुपए का अर्थदण्ड वसूला गया। इसी प्रकार सिविल जज जू०डि०/त्वरित न्यायालय प्रथम द्वारा कुल 828 वाद निस्तारित कर 3,000* / रुपए अर्थदण्ड वसूला गया। जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों द्वारा 20600 वादों व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा 695 वादों का निस्तारण कर 85,53,098 रु० जमा कराया गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, कौशाम्बी द्वारा 05 वाद निस्तारित कर 4,51,021 रुपए जमा कराया गया। न्यायालय, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवायें), कौशाम्बी द्वारा सुलह समझौते के आधार कुल 02 मामलों का निस्तारण किया गया तथा बैंक के ऋण वसूली वादों से सम्बन्धित जनपद के सभी बैंको के द्वारा 453 वादों का निस्तारण कर 61,94,129 रुपए जमा कराया गया।इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल वाद 30291 का निस्तारण कर रूपए 2,70,32,123 वसूला गया।

## न्यूज झरोखा

### यमुना में डूबा युवक परिवार में मचा कोहराम



**चायल कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के शेरगढ़ गांव निवासी अमर सिंह उम्र 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय सीताराम रैदास रविवार की सुबह लगभग 8:00 बजे यमुना नदी में स्नान करने गया था घर नहीं लौटने पर परिजनों ने जब खोजबीन की तो यमुना किनारे उसका कपड़ा रखा हुआ था तो लोगों को शंका हुआ कि शायद यमुना नदी में वह डूब गए जानकारी मिलते ही मौके पर थाना पिपरी इंस्पेक्टर दिनेश परिहार व चौकी इंचार्ज मखदूमपुर विजय शंकर मौर्य पहुंचे और उसके बाद ग्रामीणों की मदद से जाल डालकर लगभग 3:30 बजे उसे यमुना नदी से बाहर निकाला गया अपने पीछे वह पत्नी विमला देवी व चार लड़के एक लड़की संजय उम्र 12 वर्ष लड़की कविता उम्र 15 वर्ष संदीप 10 अजय 7 वर्ष विजय 4 वर्ष छोड़ कर चले गए है मृतक मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन पोषण करते थे परिवार में कोहराम मचा है।

### ट्रक के पीछे घुसी कार, असिस्टेंट डायरेक्टर घायल



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** ग्रह मंत्रालय में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर कार्यरत हिमांशु श्रीवास्तव 35 साल रविवार को प्रयागराज से लखनऊ जा रहा थे। जैसे ही वह टेढ़ीमोड़ हाइवे पुल पर पहुंचे आगे जा रही ट्रक में पीछे से उनकी कार घुस गई। जिससे कार चला रहे डायरेक्टर घायल हो गए व कार में बैठा कुत्ता ओरियो भी घायल हो गया। जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया । वहीं मौका पाकर ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया है।

### प्रधानाध्यापिका की सह पर सहायक अध्यापिका घर बैठे ले रही हैं वेतन




**कौशाम्बी** जिले मे शिक्षा विभाग की मनमानी चरम सीमा पर बेशिक शिक्षा अधिकारी तहसील ब्लॉक स्तरों पर ध्यान नही दे रहे हैं जिससे बिद्यालय मे प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक सरकार से इतना बड़ा वेतन लेने के बाद भी बिद्यालय मे कभी आते हैं कभी नही आते जब कि सरकार ने अध्यापकों को आन लाईन हाजिरी लगाने का कड़ा निर्देश दिया है लेकिन उच्च अधिकारियों की लापरवाही के चलते अध्यापक व अध्यापिका ने घर बैठे हाजिरी लगाकर सरकार को गुमराह कर घर बैठे वेतन रहे हैं। नेवादा ब्लॉक के दरियापुर गाव मे प्रयमरी विद्यालय मे शनिवार को कुछ पत्रकार साथी पहुंचे तो वहां पर जांच पड़ताल करने पर काफी खामियां मिली देखा गया कि प्रधानाध्यापिका के सह पर एक सहायक अध्यापिका ने बेशिक शिक्षा कार्यालय को बिना अवगत कराये या फिर बिना आन लाईन छुट्टी लिये आये दिन घर बैठकर वेतन ले रही हैं अब सवाल उठता है कि सरकार शिक्षा विभाग मे पानी जैसे पैसा खर्च कर रही है लेकिन फिर भी शिक्षा विभाग पटरी से उतर चुका है अब सरकार का खूब पढ़ो आगे बढ़ो का सपना कैसे साकार होगा ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान दरियापुर की ओर आकृष्ट करने को कहा है

### लीवर इंफेक्सन के कारण वरिष्ठ पत्रकार के भाई की मौत

**अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब**



**कौशाम्बी।** मनौरी बाजार निवासी वरिष्ठ पत्रकार राकेश केशरवानी के बड़े भाई अशोक केशरवानी काफी दिनों से लीवर इन्फेक्शन की बीमारी से जूझ रहे थे। इलाज हेतु उन्हें पीजीआई हॉस्पिटल लखनऊ में एडमिट कराया गया था। इलाज के दौरान बीती रात उनका देहांत हो गया। देहांत की खबर सुनकर परिवार, रिश्तेदार और पत्रकारों के बीच शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम फतेहपुर घाट में हुआ। इस दौरान दर्जनों पत्रकार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहें।

### आरएएफ और पुलिस ने सैनी कोतवाली क्षेत्र के कई गांव में किया पैदल मार्च



**कौशाम्बी** एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत सीओ सिराथू द्वारा रैपिड एक्शन फोर्स व थाना सैनी पुलिस बल के साथ थाना सैनी क्षेत्र अन्तर्गत अजुहा एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया एवं लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान सहायक कमांडेंट आरएएफ थाना प्रभारी सैनी एवं आरएएफ व सिविल पुलिस के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।इस दौरान सीओ सिराथू द्वारा सहायक कमांडेंट आरएएफ एवं उनकी टीम का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

### सुधवर में लटक रही नीचे विद्युत तार हादसे की संभावना

**सैय्यद सरावा कौशाम्बी** चायल तहसील क्षेत्र के चरवा पावर हाउस के अन्तर्गत मनौरी ग्राम सभा सुधवर में विद्युत तार काफी नीचे लटक रही है जिससे दुर्घटना की प्रबल संभावना बनी रहती है ग्रामीणों ने कई बार मामले की शिकायत विभाग के अधिकारियों से की लेकिन आम जनता के सिर पर मंडरा रही मौत को ठीक करने का प्रयास विभागीय अधिकारियों ने नहीं किया है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता कई महीनो लटकती विधुत तार को दुरुस्त करने की ओर विभाग द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है जिससे विद्युत विभाग के चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है इलाके के लोगों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकर्षित कराते हुए नीचे लटक रहे विद्युत तार को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना करारी पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त मुन्ना पुत्र रहमत अली माखू पुर शरीफपुर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है

### वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा वारंटी अभियुक्त बड़का गौतम पुत्र भैयालाल निवासी पहाड़िया थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### कंटेनर ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार तीन घायल अस्पताल में भर्ती

**कोखराज कौशाम्बी** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार कार कंटेनर ट्रक से टकरा गई,टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए,हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गए,मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया है सहारनपुर जनपद के मंडी थाना निवासी प्रभात नारायण पुत्र लक्ष्मी नारायण दो अन्य साथियों के साथ कानपुर से प्रयागराज की तरफ जा रहे थे हादसे में कार सवार तीनों लोग घायल हैं घटनाक्रम के मुताबिक कानपुर की तरफ से प्रयागराज की तरफ जाने वाली एक तेज रफ्तार कार कोखराज थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे में कंटेनर ट्रक से टकरा गई,टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, कार में सवार सहारनपुर जनपद के मंडी थाना निवासी प्रभात नारायण पुत्र लक्ष्मी नारायण दो अन्य साथियों के साथ जा रहे तीन लोग घायल हो गए,हादसे के बाद मौके पर पहुंची कोखराज थाना पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से पीएचसी मूरतगंज भेजा है जहा उनका इलाज किया जा रहा है।

संपादक की कलम से

# कॉप-28 शिखर सम्मेलन दुबई 2023 में भारत का शौर्यपूर्ण डंका बजा

वैश्विक स्तरपर दुनियां का हर देश जलवायु परिवर्तन के भीषण परिणाम से पीड़ित है, जिसका निदान करना और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन रोकना, पर्यावरण की रक्षा करना हर देश ही नहीं बल्कि हर मानवीय जीव का कर्तव्य है। पिछले कई दिनों व आज 10 दिसंबर 2023 को हम देख रहे हैं ठंड का मौसम होने के बावजूद भारत के अनेक भागों में झमाझम बारिश हो रही है दक्षिण में तूफान कहर बरपा रहा है जो जलवायु परिवर्तन के दुष्टपरिणामो का ही असर है। पर्यावरण की रक्षा, जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए ही वैश्विक 28 वा कॉप वैश्विक शिखर सम्मेलन संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2023 तक विचार विमर्श, मंथन कर सर्वसम्मति अनुमति से योजनाएं बनाकर वैश्विक स्तरपर क्रियान्वयन करने के लिए प्रस्ताव पारित किया जाएगा, जिसमें भारतीय पीएम भी शरीक हुए। चूंकि जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम से आज पूरी मानव जाति पीड़ित है, परंतु दुनियां की सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद प्रति व्यक्ति उत्सर्जन कम होना भारत की उपलब्धि दशार्ता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, कॉप 28 शिखर सम्मेलन दुबई 2023 में भारत का शौर्यपूर्ण डंका बजा ! भारत जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक की उच्च रैंकिंग सातवें स्थान पर आया।

साथियों बात अगर हम भारत के जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक की उच्च रैंकिंग सातवें नंबर पर आने की करें तो, सम्मेलन में शुक्रवार को जारी हुई रिपोर्ट के मुताबिक, भारत सूची में सातवें स्थान पर है। भारत पिछली बार जलवायु परिवर्तन प्रदर्शनसूचकांक में आठवें स्थान पर था।ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती होने के वजह से भारत को उच्च रैंकिंग मिली है। भारत दुनियां का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। दुबई में आयोजित वैश्विक जलवायु वार्ता के दौरान जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूची जारी हुई। सूची में भारत ने एक पायदान की बढ़ोत्तरी की है। सूची के अनुसार, भारत जलवायु परिवर्तन को लेकर गंभीर है और अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। बता दें, वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए थे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती होने के वजह से भारत को उच्च रैंकिंग मिली है। भारत दुनियां का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। बावजूद इसके यहां प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारे डाटा से साफ होता है कि प्रति व्यक्ति जीएचजी श्रेणी में भारत दो डिग्री सेल्सियस से नीचे के बेंचमार्क को छूने वाला है। यह आंकड़ा सकारात्मक रुझानों को दशार्ता है। हालांकि, इसकी गति बहुत धीमी है। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक तैयार करने के लिए 63 देशों और यूरोपीय संघ के जलवायु शमन प्रयासों की निगरानी की गई, जो दुनियां भर में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन करते हैं। सूचकांक में भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और ऊर्जा उपयोग श्रेणियों में उच्च रैंकिंग प्राप्त हुई है, लेकिन जलवायु नीति और नवीकरणीय ऊर्जा में पिछले वर्ष की तरह मध्यम रैंकिंग मिली है।सूचकांक में कहा गया है कि भारत, दुनियां का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, लेकिन यहां प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम है।

# भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थे राजाजी

-: ललित गर्ग:-



भारतीय राजनीति का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, जो उस युग के नहीं, बल्कि किसी भी युग के महान् व्यक्तियों की गिनती में आते हैं। अपनी जिन्दगी में उन्होंने सत्य, राष्ट्रीयता एवं ज्ञान के प्रचार का काम किया, जिनसे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, दार्शनिक के साथ-साथ युग को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं। उनकी उपलब्धियों के वैराट्य को देखते हुए उनको दी गयी ह्यराजाजीह्न की उपाधि उचित है। उन्हें भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष कहा जाता है। वे प्रसिद्ध वकील, लेखक और दार्शनिक थे। वे पहले भारतीय गर्वनर जनरल थे। महान् स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, गांधीवादी राजनीतिज्ञ चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को आधुनिक भारत के इतिहास का ह्यचाणक्यह्न माना जाता है। सत्य को अपने आचरण में जीने वाले लोग सदियों से धरती पर न सही, लेकिन इतिहास में सदा अमर रहे हैं और राजगोपालाचारी उन्हीं में से एक थे। चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का जन्म 10 दिसंबर 1878 को तमिलनाडु के सेलम जिले के होसूर के पास धोरापल्ली नामक गांव में हुआ। वैष्णव ब्राह्मण परिवार में जन्मे चक्रवतीजी के पिता नलिन चक्रवर्ती थे, जो सेलम न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर कार्यरत थे। राजगोपालाचारी की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही स्कूल में हुई। इंटरमीडिएट परीक्षा बंगलौर के सेंट्रल कॉलेज से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने वकालत भी की। योग्यता और प्रतिभा के बल पर उनकी गणना सेलम के प्रमुख वकीलों में की जाने लगी। चक्रवर्ती पढ़ने-लिखने में तेज तो थे ही, देशभक्ति और समाजसेवा की भावना भी उनमें स्वाभाविक रूप से विद्यमान थी। वकालत के दिनों में वे स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रभावित हुए और वकालत के साथ समाज सुधार के कार्यों में सक्रिय रूप से रुचि लेने लगे। उनकी समाजसेवा की भावना को देखते हुए जनता ने उन्हें सेलम की म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन का अध्यक्ष चुन लिया। सेलम में पहली सहकारी बैंक की स्थापना का श्रेय भी उन्हीं को जाता है। वे शब्दों के जादूगर और ज्ञान के भंडार थे तो उनका मजाकिया अंदाज भी खूब था।

बीसवीं शताब्दी के भारत के महान् सपूतों की सूची में कुछ नाम हैं जो अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं, उनमें राजाजी का नाम प्रथम पंक्ति में है, वे राजनीति में एक रोशनी बने और वह रोशनी अनेक मोड़ों पर नैतिकता का, राष्ट्रीयता का सन्देश देती है कि राजनीति में घाल-मेल से अलग रहकर भी जीवन जीया जा सकता है। निडरता से, शुद्धता से, स्वाभिमान से, स्वतंत्र सोच से। महान् दार्शनिक राजगोपालाचारीजी का जीवन उनके आदर्शों एवं सिद्धान्तों का सजीव उदाहरण है। उन्होंने दार्शनिकता एवं आध्यात्मिकता को जैसे फलक से उतारकर धरती पर स्थापित किया था। उनकी चेतना में इतनी सृजन क्षमता थी कि वे आगे की पीढ़ियों तक अपनी धारा को चला सके। निश्चित ही वे एक बहुआयामी व्यक्तित्व थे, उनकी बुद्धि चातुर्य और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, और सरदार पटेल जैसे अनेक उच्चकोटि के कांग्रेसी नेता भी उनकी प्रशंसा करते नहीं अघाते थे। विलक्षण प्रतिभा, राजनीतिक कौशल, कुशल नेतृत्व क्षमता, बेवाक सोच, निर्णय क्षमता, दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता के कारण कांग्रेस के सभी नेता उनका लोहा मानते रहे। कांग्रेस से अलग होने पर भी यह अनुभव नहीं किया गया कि वह उससे अलग हैं। वे गांधीवादी सिद्धान्तों पर जीने वाले व्यक्तियों की श्रृंखला के शिखर पुरुष थे।

वर्ष 1915 में गांधीजी दक्षिण अफ्रीका से लौटकर आए और देश के स्वतंत्रता संग्राम को गति देने में जुट गए। 1919 में गांधीजी ने रोलेट एक्ट के विरुद्ध सत्याग्रह आंदोलन प्रारंभ किया। इसी समय राजगोपालाचारी गांधीजी के संपर्क में आए और उनके राष्ट्रीय आंदोलन के विचारों से बहुत प्रभावित हुए। राजागोपालाचारी को महात्मा गांधी ने अपना ह्यकॉनशंस कीपरह्न यानी विवेक जागृत रखने वाला कहा था। राजाजी के राजनीति में आने की वजह गांधी ही बने। पहली ही मुलाकात में गांधीजी ने उन्हें मद्रास में सत्याग्रह आंदोलन का नेतृत्व करने का आह्वान किया। इस दौरान वे जेल भी गए। जेल से छूटते ही वे अपनी वकालत और तमाम सुख-सुविधाओं को त्याग, पूर्ण रूप से स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित हो गए और खादी पहनने लगे। चक्रवर्ती देश की राजनीति और कांग्रेस में इतना ऊंचा कद प्राप्त कर चुके थे कि गांधीजी भी प्रत्येक कार्य में उनकी राय लेने लगे थे। गांधीजी जब जेल में होते तो उनके द्वारा संपादित पत्र यंग इंडिया का संपादन चक्रवर्ती ही करते थे। वे गांधीजी के समधी भी थे। राजाजी की पुत्री लक्ष्मी का विवाह गांधीजी के सबसे छोटे पुत्र देवदास गांधी से हुआ था। राजगोपालाचारी आजादी से पहले एवं आजादी की बाद की सरकारों में अनेक सर्वोच्च पदों पर रहे। 1946 में देश की अंतरिम सरकार बनी। उन्हें केंद्र सरकार में उद्योग मंत्री बनाया गया। 1947 में देश के पूर्ण स्वतंत्र होने पर उन्हें बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया गया। 1950 में वे पुनः केंद्रीय मंत्रिमंडल में ले लिए गए। इसी वर्ष सरदार पटेल की मृत्यु के पश्चात वे केंद्रीय गृहमंत्री बनाए गए। कुछ वर्षों बाद कांग्रेस की नीतियों के विरोध में उन्होंने मुख्यमंत्री पद और कांग्रेस दोनों को ही छोड़ दिया और अपनी पृथक स्वतंत्र पार्टी की स्थापना की। सन् 1937 में हुए काँसिलो के चुनावों में चक्रवर्ती के नेतृत्व में कांग्रेस ने मद्रास प्रांत में विजय प्राप्त की। उन्हें मद्रास का मुख्यमंत्री बनाया गया। 1939 में ब्रिटिश सरकार और कांग्रेस के बीच मतभेद के चलते कांग्रेस की सभी सरकारें भंग कर दी गयी थीं। चक्रवर्ती ने भी अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। इसी समय दूसरे विश्व युद्ध का आरम्भ हुआ, कांग्रेस और चक्रवर्ती के बीच पुनः ठन गयी। इस बार वह गांधीजी के भी विरोध में खड़े थे। गांधीजी का विचार था कि ब्रिटिश सरकार को इस युद्ध में मात्र नैतिक समर्थन दिया जाए, वहीं राजाजी का कहना था कि भारत को पूर्ण स्वतंत्रता देने की शर्त पर ब्रिटिश सरकार को हर प्रकार का सहयोग दिया जाए। यह मतभेद इतने बढ़ गये कि राजाजी ने कांग्रेस की कार्यकारिणी की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। इसके बाद 1942 में ह्यभारत छोड़ोह्न आन्दोलन प्रारम्भ हुआ, तब भी वह अन्य कांग्रेसी नेताओं के साथ गिरफ्तार होकर जेल नहीं गये। इस का अर्थ यह नहीं कि वह देश के स्वतंत्रता संग्राम या कांग्रेस से विमुख हो गये थे।

राजाजी हिन्दी के प्रबल समर्थक थे। एक समय हिंदी को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा देने की पैरवी करने वाले राजाजी के विचार 60 के दशक में भले ही बदल गए। फिर भी तमिलभाषी राजगोपालाचारी हिंदी को प्रतिष्ठा दिलाने के लिए आजीवन संघर्षशील रहे। सबसे पहले गैर-हिंदीभाषी राज्यों में से एक तत्कालीन मद्रास प्रांत में हिंदी की शिक्षा अनिवार्य कराने का श्रेय उन्हें जाता है। उनका मानना था कि हिंदी ही एकमात्र भाषा है, जो देश को एक सूत्र में बांध सकती है। विश्व में परमाणु हथियारों की होड़ को लेकर वे बेहद चिंतित थे और सबसे बड़ी बात जो उन्हें कचोटती थी, वह थी देश में कांग्रेस पार्टी का विकल्प न होना। राजगोपालचारी ने भारतीय जात-पात के आडंबर पर भी गहरी चोट की। कई मंदिरों में जहां दलित समुदाय का मंदिर में जाना वर्जित था, इन्होंने इस नियम का डटकर विरोध किया। इसके कारण मंदिरों में दलितों का प्रवेश संभव हो सका। 1938 में इन्होंने एग्रीकल्चर डेट रिलीफ एक्ट कानून बनाया ताकि किसानों को कर्ज से राहत मिल सके। राजाजी ने द्विपार्टी सिद्धान्त पर बल दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सफलता के लिए मजबूत विपक्ष का होना नितांत आवश्यक है। उनका कहना था कि बिना विपक्ष के सरकार ऐसी है मानो गधे की पीठ पर एक तरफ ही बोझ रख दिया है। मजबूत विपक्ष लोकतंत्र के भार को बराबर रखता है। राजाजी का मानना था कि किसी पार्टी में भी दो विचारधाराएं होनी चाहिए और ऐसा न होने की सूरत में पार्टी का मुखिया एक तानाशाह की भांति बर्ताव करता है। उन्होंने क्षेत्रीय पार्टियों के अस्तित्व को भी स्वीकार किये जाने की बात कही। वर्ष 1954 में भारतीय राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले राजाजी को भारतरत्न से सम्मानित किया गया। जो गहराई और तीखापन उनके बुद्धि चातुर्य में था, वही उनकी लेखनी में भी था। वे तमिल और अंग्रेजी के बहुत अच्छे लेखक थे। गीता और उपनिषदों पर उनकी टीकाएं प्रसिद्ध हैं। नशाबंदी और स्वदेशी वस्तुओं विशेषकर खादी के प्रचार-प्रसार में उनका योगदान महत्वपूर्ण माना जाता है। अपनी वेशभूषा से भारतीयता के दर्शन कराने वाले इस महापुरुष का 28 दिसंबर 1972 को देहांत हो गया।

# मानवाधिकार महज एक मजाक बनकर न रह जाये



विश्व युद्ध, आतंकवाद एवं असंतुलित समाज रचना की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस करने की दृष्टि से संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने विश्व मानवाधिकार दिवस घोषित किया। प्रत्येक वर्ष 10 दिसम्बर को यह दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है। दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक ह्यमानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा है, इस वर्ष उसकी 75वीं वर्षगांठ है। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस की थीम ह्यसभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्यायह्न है, जो मानव के अस्तित्व एवं अस्मिता को अक्षुण्ण रखने के संकल्प को बल देता है। किसी भी इंसान की जिंदगी, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार है- मानवाधिकार। यह दिवस एक मील का पत्थर है, जिसमें समृद्धि, प्रतिष्ठा, न्याय एवं शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित होती है।

विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र का मुख्य विषय शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगारी, आवास, संस्कृति, खाद्यान्न व मनोरंजन से जुड़ी मानव की बुनियादी मांगों से संबंधित है। विश्व के बहुत से क्षेत्र गरीबी से पीड़ित है, जो बड़ी संख्या वाले लोगों के प्रति बुनियादी मानवाधिकार प्राप्त करने की सबसे बड़ी बाधा है। उन क्षेत्रों में बच्चे, वरिष्ठ नागरिकों व महिलाओं के बुनियादी हितों को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। इसके अलावा नस्लवादी भेद मानवाधिकार कार्य के विकास को बड़ी चुनौती दे रहा है। इसी तरह आदिवासी एवं दलितों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार भी मानवाधिकार का बड़ा मुद्दा है। महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़नाएं भी मानवाधिकार के सम्मुख बड़े संकट हैं। बात पेट जितनी पुरानी और भूख जितनी नई है ह्यमानवाधिकारह्न की। दुनिया में जहां-जहां भी संघर्ष चल रहे हैं, चाहे सत्ता परिवर्तन के लिए हैं, चाहे अधिकारों को प्राप्त करने के लिए, चाहे जाति, धर्म और रंग के लिए वहां-वहां मानवाधिकारों की बात उठाई जाती रही है। हमारे देश में भी वक्त चाहे राजशाही का था, चाहे विदेशी हुकूमत का और चाहे स्वदेशी सरकार का हर समय किसी न किसी हिस्से में संघर्ष चलते रहते हैं। डेढ़ सौ करोड़ के देश में विचार फर्क और मांगों की लंबी सूची का होना स्वाभाविक है।

भारतीय संविधान मानवाधिकार की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले के लिये कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। भारत में 28 सितंबर, 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर, 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं, जैसे- बाल मजदूरी, एचआईवी, एड्स, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार आदि। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मानवाधिकारों के लिये सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा भी कि एक ऐसे समय में जब पूरी दुनिया विश्व युद्ध की हिंसा में झुलस रही थी, भारत ने पूरे विश्व को ह्यअधिकार और अहिंसाह्न का मार्ग सुझाया। भारत आत्मवत सर्वभूतेषु के महान आदर्शों, संस्कारों और विचारों को लेकर चलने वाला देश है। आत्मवत सर्वभूतेषु यानि जैसा मैं हूं वैसे ही सब मनुष्य हैं। मानव-मानव में, जीव-जीव में भेद नहीं है। भारत ने लगातार विश्व को समानता और मानव अधिकारों के जुड़े विषयों पर नया विजन दिया है। बीते दशकों में ऐसे कितने ही अवसर विश्व के सामने आए हैं, जब दुनिया भ्रमित हुई है, भटकी है। लेकिन भारत मानवाधिकारों के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहा है, संवेदनशील रहा है। निश्चित ही नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्न के मूल मंत्र पर चल रहा है। ये एक तरह से मानव अधिकार को सुनिश्चित करने की ही मूल भावना है।

तमाम प्रयासों के बावजूद मानव अधिकारों के हनन में हमारा देश पीछे नहीं है। आजादी के इतने सालों बाद भी बंधुआ मजदूरी को पूरी तरह से खत्म नहीं किया जा सका है। बाल मजदूरी जो एक मासूम की जिंदगी के साथ खिलवाड़ है, वह भी खुलेआम होता है। गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी आज भी मुंह बाए खड़ी हैं। रोटी, कपड़ा और मकान जो लोगों की मूलभूत आवश्यकताएँ हैं वे भी हमारी सरकार पूरी नहीं कर पा रही हैं। शिक्षा का अधिकार, भोजन का अधिकार, रोजगार का अधिकार, स्वच्छ जीवन का अधिकार- ये सभी बुनियादी अधिकारों का हनन होना आज के तिथि में एक घिनौना पाप है, त्रासदी है, विडम्बना है। अगर आज भी हमारे देश के लोगों को जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, संप्रदाय के नाम पर, भाषा के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर भेदभाव का शिकार होना पड़ता है तो लानत है इस देश के लोगों पर और यहाँ की सरकार पर। सरकारें यदि ईमानदारी से प्रयत्न करती तो इन समस्याओं को सालों पूर्व खत्म कर सकती थी लेकिन नहीं, सरकार और सरकार में बैठे उनके अफसर इनके अधिकारों की रक्षा नहीं करते बल्कि अधिकतर मामलों में अत्याचारियों, बाहुबलियों, अमीरों का साथ देकर बेबस और लाचार लोगों पर बर्बर व्यवहार करते हैं। आज भी देश में बहुत सारे ऐसे जगह हैं जहाँ लोग खुलकर साँस भी नहीं ले पा रहे हैं। दिल्ली में प्रदूषण की समस्या एक मानवाधिकार की बड़ी समस्या है। इलाज के नाम पर एवं शिक्षा के नाम पर जो लूट-खसोट सरेआम होती है, वह भी मानवाधिकार का खुला उल्लंघन है। जनता हर दिन राज्य के पुलिस और सैनिकों के मनमाने उपद्रवों की शिकार हो रही हैं।

मानव अधिकारों के साथ उनके कर्तव्य भी जुड़े होते हैं, उनका भी पालन अतिआवश्यक है। विश्व मानवाधिकार दिवस इन्ही मानवीय अधिकारों को बरकरार रखने और उनके हनन के खिलाफ आवाज बुलंद करने का सशक्त माध्यम है। मानवाधिकार के संरक्षण के लिए और विशेषाधिकारों (स्वयं प्राप्त) के प्रतिबंध के लिए कौन लड़ेगा? साम्प्रदायिक दंगे, चोरी, लूट, महिलाओं पर अत्याचार, नशीली वस्तुओं का गैर कानूनी धंधा, रोजमर्रा की बात हो गई है। शांति-प्रिय नागरिकों का जीना मुश्किल हो गया है। जन प्रतिनिधियों और राजनीतिज्ञों पर लोगों का विश्वास नहीं रहा। कौन बचाएगा मानवाधिकार को? कौन रेखा खीचेगा असामाजिक तत्वों और सामान्य नागरिक के मानवाधिकारों के बीच? राष्ट्र के सर्वोच्च मंच लोकसभा के अध्यक्ष के आसन पर लिखा है- ह्वधर्म-चक्र प्रवर्तनार्थह्न। धर्म के चक्र को न्यायपूर्वक चलाएं, इसे रुकने न दें। इसमें इतना और जोड़ें-न्याय के चक्र को धर्मपूर्वक चलाएं।

देश में आदिवासी दोयम दर्जे के नागरिक जैसा जीवनयापन कर रहे हैं। जबकि केंद्र सरकार आदिवासियों के नाम पर हर साल हजारों करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में करती है। इसके बाद भी आजादी के अमृतकाल में उनकी आर्थिक स्थिति, जीवन स्तर में कोई बदलाव नहीं आया है। स्वास्थ्य सुविधाएँ, पीने का साफ पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं आदि मूलभूत सुविधाओं के लिए वे आज भी तरस रहे हैं। आदिवासी अब भी समाज की मुख्य धारा से कटे नजर आते हैं। इसका फायदा उठाकर नक्सली उन्हें अपने से जोड़ लेते हैं। सरकार आदिवासियों को लाभ पहुँचाने के लिए उनकी संस्कृति और जीवन शैली को समझे बिना ही योजना बना लेती हैं।

# कहां गए वे पुश्तैनी फैमिली डॉक्टर

आर.के. सिन्हा

अगर आपकी उम्र 45-50 साल से अधिक होगी तो आपको याद होगा कि पहले हर शहर की हर कॉलोनी में वे डॉक्टर प्रैक्टिस करते थे, जिन पर सैकड़ों परिवार भरोसा रखते थे। वे परिवार के किसी सदस्य के बीमार होने पर उसके पास तुरंत चले जाते थे। वे डॉक्टर रोगी का कायदे से इलाज करते थे क्योंकि, वे रोगी को पहले से ही अच्छी तरह से जानते थे । वह रोगी की सारी व्यथा को सुनने के बाद सही दवाई बताता था। क्योंकि उसे रोगी के परिवार के हरेक सदस्य के बारे में विस्तार से जानकारी हुआ करती थी। बहुत अवसरों पर तो इनमें पारिवारिक संबंध भी हुआ करते थे। उसे ही कहा जाता था फैमिली डॉक्टर। अब फैमिली डॉक्टरों की संस्था लुप्त सी हो गई है। उनकी जगह ले ली है क्लिनिकों, नर्सिंग होम और बड़े अस्पतालों में बैठने वाले डॉक्टरों ने। उनका अपने किसी भी रोगी से कोई संबंध नहीं होता। वह फैमिली डॉक्टर से बिलकुल ही अलग होता है। फैमिली डॉक्टर को जब भी बुलाया जाता था तो वह अपना डॉक्टर का बैग लेकर मरीज के पास पहुंच जाता था। रोगी को देखने के बाद रोगी के घर में चाय-नाशता करने के बाद ही जाता। लेकिन, अब वह परंपरा पूरी तरह से खत्म हो गई है।

बिहार के बेगूसराय में डॉ. अमृता सैकड़ों परिवारों की फैमिली डॉक्टर हुआ करती थीं। बीती दीवाली से पहले उनके निधन से उनके अनगिनत रोगी शोक में डूब गए। जानी-मानी गायनकोलॉजिस्ट डॉक्टर अमृता डेंगू संक्रमण का शिकार हो गयी। प्रतिभाशालिनी डॉक्टर थीं अमृता मैडम क सहृदय और संवेदनशील चिकित्सक थी। हरेक रोगी का पूरे मन से इलाज करती। डॉ. अमृता गरीब और दूरदराज से आये रोगियों को भी अपना समझकर इलाज करती थीं। उनके रोगी आज के दिन अपने को अनाथ महसूस कर रहे हैं। उनके लिए सांत्वना के कोई शब्द नहीं मिलते। नियति की क्रूरता का कोई उत्तर नहीं मिलता। वह सच में एक समर्पित फैमिली डॉक्टर थीं।

श्रमिकों के शहर कानपुर के रहने वाले मित्र बताते हैं कि वहां पर कुछ साल पहले तक हर मोहल्ले में दो-तीन फैमिली डॉक्टर सक्रिय रहते थे। वे तेज बुखार, जोड़ों में भयंकर पीड़ा और शरीर के बाकी भागों में किसी तकलीफ की स्थिति में रोगियों का इलाज कर दिया करते थे। वे दवाएं लिखते और रोगी उन्हें लेने के बाद ठीक होने लगता। इतना बोल देते कि अगर दवा काम नहीं करेंगी तो तभी जांच करायेंगे। पर आमतौर पर फैमिली डॉक्टर की दवा लेने के बाद मरीज का बुखार उतर जाता, उल्टियां नहीं होती और बदन दर्द में भी आराम मिल जाता।

राजधानी के करोल बाग में भी कुछ साल पहले तक डॉ. कुसुम जौली भल्ला नाम की एक मशहूर फैमिली डॉक्टर थीं। वह जनरल फिजिशयन के साथ-साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ थीं। उनके पास वेस्ट दिल्ली के बहुत सारे लोग आते। डॉ. कुसुम अपने रोगियों से पारिवारिक संबंध बना लेती। वह कथाकार भीष्म साहनी से लेकर न जाने कितने परिवारों की फैमिली डॉक्टर भी थीं। डॉ. कुसुम के रोगी उन्हें सुबह पार्क में ही घेर लेते थे। वहां पर रोगी और डॉक्टर के बीच संवाद चालू हो जाता और दवाई बता दी जाती। ये सिलसिला लगातार जारी ही रहता था। उनके क्लिनिक में ह्लतमसह्व जैसी कालजयी रचना के लेखक भीष्म साहनी भी आते थे।

भीष्म साहनी की मृत्यु के बाद डॉ. कुसुम बेमन से ही कभी-कभार पार्क जातीं। अब उनका वक्त अपने मेडिकल सेंटर में ही बीतता। सुबह से शाम तक रोगी आते-जाते रहते। उनमें महिलाएं ही अधिक होतीं । मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से एमडी करने के बाद डॉ.कुसुम ने ह्लअपना होपह्व नाम से क्लिनिक खोला था। उनका बांझ स्त्रियों के इलाज में महत्वपूर्ण शोध था। डॉ.कुसुम देश की उन पहली चिकित्सकों में थी, जिन्होंने सैकड़ों नि:संतान दम्पत्तियों को कृत्रिम गभार्धान विधि से संतान सुख दिया था। वह महिला बांझपन के लक्षण, कारण, इलाज, दवा, उपचार पर निरंतर अपने रिसर्च पेपर देश-विदेश में होने वाले सम्मेलनों में प्रस्तुत कर ही रही थीं। पर डॉ.कुसुम की 2013 में अकाल मृत्यु से बहुत रोए थे उनके रोगी भी ।

अब तो रोगी डॉक्टरों के पास जाने से भयभीत रहते हैं।

उन्हें पता होता है कि डॉक्टर साहब उन्हें एक बाद एक टेस्ट करवाने के लिए कहेंगे। यह अच्छी बात है कि कुछ डॉक्टरों ने रोगियों के अनाप-शनाप टेस्ट करवाने की बढ़ती मानसिकता पर विरोध भी जताया है। वे इन टेस्ट को बंद करने की जोरदार तरीके से वकालत कर रहे हैं। किसी डॉक्टर को कायदे से रोगी को कितने टेस्ट करवाने के लिए कहना चाहिए? इस सवाल का जवाब तो डॉक्टर ही दे सकते हैं, पर रोगियों को अनेक टेस्ट करवाने के लिए कहना अब रोगियों और उनके संबंधियों के लिए जी का जंजाल बन चुका है। उस दीन-हीन रोगी को पता ही नहीं होता कि जिन टेस्ट को करवाने के लिए उससे कहा जा रहा है, उसकी उसके इलाज में कितनी उपयोगिता है। चूंकि डॉक्टर साहब का आदेश है तो उसका पालन करना उस बेचारे रोगी का धर्म है। यह सब डॉ. कुसुम और डॉ. अमृता जैसे डॉक्टर नहीं करते थे। इसलिए ही इन डॉक्टरों का समाज में सम्मान था।

## नशे के कारण बिखरते परिवार

नशे के विरुद्ध सम्पूर्ण भारतवर्ष में जागरूकता अभियान को गति प्रदान की जा रही है। नशे का कारोबार और युवाओं में नशे के प्रति रुझान बहुत ही चिंता का विषय है। भारत सरकार द्वारा समय समय पर नशे को समूल नष्ट करने के लिए अनेक प्रकार की रणनीतियां बनाई जाती हैं। अपराधियों को सलाखों तक पहुँचाने से लेकर उनकी नशे के कारोबार के द्वारा कमाई गई सम्पतियों को भी जब्त किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा अपराध जगत के क्षेत्र में विशेष रूप से आंकड़े एकत्रित करने के लिए संगठित संस्था राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो अर्थात एनसीआरबी के आंकड़ों पर दृष्टिपात करने से पता चलता है कि भारत में पिछले वर्ष नशीले पदार्थों के ओवरडोज लेने के फलस्वरूप 681 लोग मृत्यु को प्राप्त हुए हैं जिसमें 116 महिलायें अर्थात मातृशक्ति भी हैं। इस प्रकार महिलाओं द्वारा ओवरडोज लेने के कारण उनकी मृत्यु दर 17 प्रतिशत से भी अधिक की है, यदि मातृशक्ति नशे का शिकार होगी तो यह एक और अधिक चिंता का विषय है। आइए, एक ऐसी सच्ची घटना के बारे में बात करते हैं जिसने तीन तीन परिवारों को प्रभावित किया। रोशन (काल्पनिक नाम) अपने माता पिता की इकलौती संतान थी। बड़े ही लाड प्यार से रोशन का पालन पोषण किया। चूँकि परिवार में रोशन एक ही संतान थी। इसलिए वह सबकी आंखों का तारा था। परिवार बहुत ही धनाढ्य और समाज में प्रतिष्ठा का प्रतीक था। धीरे धीरे रोशन बड़ा हुआ और सहपाठी, मित्रों और अनेक लोगों के साथ उठना बैठना हुआ। कहते हैं अति हर चीज की बुरी होती है। माता पिता ने रोशन की हर मांग को पूरा किया। जो भी वह मांगता था माता पिता ने कभी मना नहीं किया और न ही कभी पूछा कि वह रुपए कहां पर खर्च करता है। समय के साथ साथ अधिक रुपए पैसे के प्रयोग को देखकर साथ में लगने वाले मित्रों की संख्या बढ़ती गई। मित्रों की बढ़ती इस संख्या में अवसर का लाभ उठाने वाले लोगों ने भी खूब लाभ उठाया और जितना हो सका उसके रुपए पैसे को खुला खर्च करवाया।

# पात्रों को निःशुल्क दी जा रही कानूनी मददः जिला जज

## मऊ में हुआ मानवाधिकार दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्लान अनुक्रम में मानवाधिकार दिवस पर महामति प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ में जिला जज विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता शिविर लगा। शिविर में जिला न्यायाधीश ने कहा कि ये 70वां अन्तराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है। स्वतंत्रता, समानता एवं न्याय को प्रत्येक व्यक्ति तक सुलभ बनाने को विधिक सेवा प्राधिकरण गठित किया है। प्रत्येक पात्र को निःशुल्क विधिक सहायता दी जा रही है। मानवाधिकार दिवस पर कहा कि मानवाधिकारों को आमतौर पर मौलिक अधिकारों के रूप में समझा जाता है, एक व्यक्ति स्वाभाविक रूप से सिर्फ हकदार है, क्योंकि वह इंसान है।

विशेष न्यायाधीश दीपनारायण तिवारी ने कहा कि व्यक्ति के जन्म से ही मानवाधिकार सक्रिय हो जाते हैं। मानवाधिकार जन्म अधिकार होने से सभी व्यक्तियों में जाति, धर्म, लिंग, राष्ट्रीयता के बावजूद निहित हैं। अपर जिला जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव फारुख इनाम सिद्दीकी ने कहा कि संवैधानिक



मानवाधिकार दिवस पर बोलते जिला जज।

गारंटी के बावजूद हिरासत में यातना, अन्य पुलिस अत्याचार अभी जारी हैं। पुलिस स्टेशनों में प्रभावी कानूनी प्रतिनिधित्व की कमी गिरफ्तार/हिरासत में लिए लोगों के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। मानवाधिकारों व शारीरिक अक्षुणता को खतरा पुलिस स्टेशनों में सबसे अधिक है। इस मौके पर अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने मानवाधिकार संरक्षण पर जोर दिया। महामति प्राणनाथ महाविद्यालय की छात्रा अलंकृता तिवारी ने मानवाधिकार दिवस पर वक्तव्य दिया। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ संतोष चतुर्वेदी, प्रबंधक सुंदर लाल सुमन, अध्यक्ष डॉ उमा जायसवाल, केएन सिंह एड, सुशील कुमार मिश्रा एड, डॉ एस कुरील, पूरन सिंह, राजनारायण सिंह, अरविंद यादव, अजय कुमार द्विवेदी, बालकृष्ण विश्वकर्मा व छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

# सत्य मार्गी हैं कृष्ण, रुक्मणी ने किया वरणः आचार्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एसडीएम कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन भागवत प्रवक्ता बलुआ महाराज ने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं, पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। ठाकुर जी के पांच गीतों को भाव से गाने वाला भव से पार हो जाता है।

रविवार को कथा में प्रवक्ता बलुआ महाराज ने भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपनी आश्रम में विद्या ग्रहण, कालयवन वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव का गोपियों को गुरु बनाना, द्वारिका की स्थापना, रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया। कथा वाचक शास्त्री ने भागवत के महत्व बताये। जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी विवाह में शामिल होते हैं, वैवाहिक समस्या दूर होती है। जीव परमात्मा का अंश है, जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है, कोई कमी रहती है, वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प व कपट रहित होने से प्रभु निश्चित रूप से पूरा करेंगे। महारास लीला श्री उद्धव चरित्र-श्री कृष्ण मथुरा गमन व रुक्मणी विवाह महोत्सव का विवरण दिया। आचार्य बलुआ महाराज ने रुक्मणी विवाह पर



कथा बांचते आचार्य।

कहा कि रुक्मणी के भाई ने शिशुपाल के साथ विवाह तय किया था, रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह श्री कृष्ण को पति वरण करेगी। शिशुपाल असत्य मार्गी है, श्री कृष्ण सत्य मार्गी है। वो असत्य को नहीं, सत्य को अपनाएगी। इस मौके पर मुख्य यजमान रामसूरत पयासी, सावित्री देवी, राधेरमण पयासी, निरंजन मिश्र, सत्यप्रकाश द्विवेदी, इं रोहित कुमार मिश्र, प्रशांत कुमार द्विवेदी, प्रभाकर द्विवेदी, लवकुश मिश्र, अमित द्विवेदी आदि श्रद्धालु मौजूद रहें।

## पुलिस ने दबोचे सात वारंटी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने सात वारंटी दबोचे हैं। रविवार को भरतकूप थाने के दरोगा गुरदयाल ने सिपाही अजीजुद्दीन के साथ बलबा, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के वारंटी लोटन पुत्र बलदेव निवासी बरुई पहरा, इसी मामले के वारंटी महेंद्र प्रताप पुत्र रामेश्वर निवासी पहरा, इसी मामले के वारंटी बाबू यादव पुत्र सधुवा उर्फ साधूराम निवासी बरूईपुरवा पहरा, इसी मामले के आरोपी संतराम उर्फ कल्लू पुत्र रामपाल यादव निवासी भदावल पुरवा, पप्पू उर्फ लक्की यादव पुत्र राममनोहर निवासी पहरा को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में भरतकूप थाने के दरोगा कमलेश कुमार ने सिपाही अजीजुद्दीन के साथ आबकारी अधिनियम के वारंटी फोटो तिवारी निवासी रौली कल्याणपुर को गिरफ्तार किया।

# डीपीआरओ ने 17 सचिवों पर लिखाई रिपोर्ट

## शासकीय धन के दुरुपयोग का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला पंचायत राज अधिकारी ने 17 सचिवों के खिलाफ शासकीय धन का दुरुपयोग करने का मामला कोतवाली कर्वी में दर्ज कराया है। कई सचिवों ने भुगतान नहीं किया, फिर भी एफआईआर दर्ज कराई है, जांच अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। पूर्व सीडीओ अमित आसेरी ने परिवार रजिस्टर आनलाइन फीडिंग के निर्देश दिए थे। सभी गांवों के परिवार रजिस्टर आनलाइन होने थे, कम्प्यूटर आपरेटरों की कमी से परिवार रजिस्टर आनलाइन फीडिंग नहीं हो सके। कुछ गांवों में फीडिंग हुई थी। परिवार रजिस्टर आनलाइन फीडिंग भुगतान दो निजी लोगों के नाम कर दिया था। डीपीआरओ ने 17 सचिवों पर मामला दर्ज करवा दिया है। मजे की बात ये है कि सचिवों ने सीडीओ के आदेश का पालन किया, फिर भी रिपोर्ट दर्ज हो गई। डीपीआरओ कार्यालय के कनिष्ठ लिपिक सुरेंद्र चतुर्वेदी व वरिष्ठ सहायक जगदीश वर्मा के भ्रष्टाचारी रवैये से सुर्खियां बटोर रहे हैं, कोई कार्रवाई नहीं हो रही। कनिष्ठ लिपिक सुरेंद्र चतुर्वेदी के नौकरी फर्जी दस्तावेज से चल रही है, कई बार जांच में दोषी मिलने पर भी कार्यवाही नहीं हुई। कनिष्ठ लिपिक सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने ठेकेदारों/सप्लायरों से मिलीभगत कर सरकारी धन का बंदरबाट करा रहा है। ठेकेदारों/सप्लायरों को डीपीआरओ के स्वीकृति आदेश की सही ढंग से जांच हो तो गांवों के विकास कार्यों के नाम पर बंदरबाट का बड़ा खुलासा हो सकता है। वरिष्ठ सहायक जगदीश वर्मा सफाई कर्मियों के पटल की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जो सफाई कर्मियों के शोषण में कोई कसर नहीं छोड़ते। पद का दुरुपयोग कर वरिष्ठ सहायक मनमानी कर रहे हैं। अपर जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चन्द्र गुप्ता के कारनामें खासे चर्चित हैं।

# सरकार दे रही है खेल-खिलाडियों को बढावाः लवकुश

## भाजपा किसान मोर्चा ने कराया कबड्डी मैच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा किसान मोर्चा ने चित्रकूट इंटर कालेज में जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में नमो कबड्डी खेली।

रविवार को कबड्डी मैच में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, सांसद आरके सिंह पटेल व विशिष्ट अतिथि के बतौर पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा व डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा पुष्पराज ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर नमो कबड्डी खेली



खिलाडियों से परिचय लेते भाजपा नेता।

गई है। जिले की आठ टीमो भौंरी, जनसेवा चित्रकूट इंटर कालेज पोद्दार व स्टेडियम से चार टीमो ने भाग लिया। सारे लीग मैच व सेमीफाइनल मैच हुये। कल जय बजरंग क्लब व सरदार खान क्लब सीतापुर के बीच फाइनल मैच खेला जायेगा।

जिलाध्यक्ष चतुर्वेदी ने खिलाडियो से कहा कि भाजपा सरकार हर क्षेत्र मे काम के साथ खेलों पर विशेष ध्यान दे रही है, खेलो को बढावा मिले, खिलाडियो को पूरी सुविधा दे रही है। ये कबड्डी मैच किसान मोर्चा कर रहा है। गांवो की प्रतिभाये निकल कर आयें। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा खेलो व खिलाडियो को बढावा दे रही है।

देश के खिलाडी ज्यादा मेडल जीत कर आ रहे है। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने कहा कि खेल जीवन का अंग है, शारीरिक लाभ समेत खेलो मे अच्छे प्रदर्शन से अपना व क्षेत्र का नाम होता है। डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने किसान मोर्चा पदाधिकारियों को कबड्डी मैच के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। रेफरी श्री केशन राजपूत, भरत सिह तोमर, रमेश सिह चदेल, शैलेन्द्र सिह, कमेंटेज्टर जिला महामंत्री किसान मोर्चा आभेष मिश्रा ने किया। इस मौके पर आलोक पांडे, भागवत त्रिपाठी, श्रवण पटेल, द्रोणाचार्य द्विवेदी, रामबाबू सिंह, तिलक द्विवेदी, मनोज तिवारी, हीरो मिश्रा, रवि गुप्ता, आशीष पाडे, शिवाकांत पाडे, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी, शुभम गुप्ता, रोहिल अग्रवाल, शिवनरेश पाल आदि मौजूद रहे।

# चोरों के कब्जे से चोरी की नौ साइकिलें बरामद



पुलिस गिरफ्त में चोर।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में चैकी प्रभारी शिवरामपुर की टीम ने दो साइकिल चोरों को चोरी की नौ साइकिलों समेत दबोचा है।

रविवार को चैकी प्रभारी शिवरामपुर की टीम ने मुखबिर की सूचना पर भैसौंधा रोड के डफाई कोलान मोड़ से जयकरन वर्मा पुत्र स्व चैबा वर्मा व विजय वर्मा पुत्र रामप्रसाद कोटेदार निवासी भैसौंधा के कब्जे से चोरी की रेंजर साइकिल समेत गिरफ्तार किया। पूंछताछ में चोरों ने बताया कि वे दोनों बिना ताला लगी साइकिलों को चोरी कर अन्जान लोगों को बेंच देते हैं। चोरों की निशानदेही पर भैसोंधा के जयकरन वर्मा के घर से चोरी की आठ साइकिलें बरामद की। बरामद रेंजर साइकिल आठ दिसम्बर को गया प्रसाद पटेल पुत्र दीनदयाल पटेल निवासी देहरुचमाफी थाना रैपुरा की सूचना पर कोतवाली कर्वी में मामला दर्ज हुआ था। बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर चंद्रमणि पाण्डेय, दरोगा राधेश्याम सिंह, दीवान सुनील सिंह सेंगर व सिपाही श्यामू शामिल रहे।

# स्वच्छ माहौल देता है सुकून

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामदगिरि स्वच्छता समिति ने कामतानाथ में 95वां स्वच्छता अभियान चलाया। ईओ लालजी यादव ने कहा कि गांधी जी के सपने को साकार किया जा रहा है।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर स्वच्छ भारत मिशन राकेश केसवानी ने कहा कि कामतानाथ पर्वत में परिक्रमा कचरा मुक्त हो, इसे लेकर लगातार कामदगिरि स्वच्छता समिति रविवार को अभियान चलाती है। अभियान से कामदगिरि स्वच्छता समिति ने



सफाई करते समिति के लोग।

हजारों टन कचरा बाहर किया है। परिक्रमा में सभी दर्शनार्थियों से अपील है कि परिक्रमा दौरान स्वच्छता का ध्यान रखें। आस्था का केंद्र है, इसे साफ व स्वच्छ रखना सबकी जिम्मेदारी है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अच्छा कार्य कर रही है, जितनी सराहना की जाये कम है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि आसपास के माहौल को साफ रखना चाहिए, ताकि किसी प्रकार की बीमारी न हो।

स्वच्छ माहौल सबको सुकून देता है। इस मौके पर जितेंद्र केसरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, वीरेंद्र कुमार, रामसिया, मनोज कुमार, रवि कुमार आदि ने सहयोग किया।

# चोरी की बाइक समेत बाल अपचारी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में पुलिस ने बाइक चोरों का खुलासा कर चोरी की मोटरबाइक समेत एक बाल अपचारी दबोचा है। ज्ञात है कि कोतवाली कर्वी के कुबेरगंज शंकर बाजार के अजय कुमार अग्रहरी पुत्र स्व नारायणदास अग्रहरी ने आठ दिसम्बर को रिपोर्ट लिखाई थी कि कोऑपरेटिव बैंक के पास से मोटरबाइक यूपी 96-डी/4083 को अज्ञात चोर चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह को खुलासे की जिम्मेदारी सौंपी। दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह की टीम ने बाल अपचारी को चोरी की मोटरबाइक समेत दबोचा। बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह, सिपाही आकाश सेन व पवन राजपूत शामिल रहे।

# एक घंटे में माल समेत दो चोर दबोचे



पुलिस गिरफ्त में चोर।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में पुलिस ने सूचना के एक घंटे के भीतर दो चोरों को चोरी के माल समेत दबोचने में सफलता प्राप्त की है। रविवार को सवेरे 10.53 बजे पुरानी बाजार कर्वी के शमीम पुत्र नूर मोहम्मद ने भरतकूप थाने में सूचना दी कि पतौड़ा मोड पर ट्रक गैराज की दुकान है। चोरों ने रात में चोरी कर ली है। पुलिस ने मामला दर्जकर घटना के खुलासे की जिम्मेदारी दरोगा कमलेश कुमार को सौंपी। दरोगा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर 11.45 बजे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे ओवरब्रिज के नीचे से अमित उर्फ गोलू पुत्र संतोष व चमेलीलाल वर्मा पुत्र कुंनुवा निवासी रौली कल्याणपुर को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी के रेडिएटर, क्लच, सिलेंडर मोटर, पाना, जैक, टर्बो व छोटे-बड़े रिंच के गुटके, पुली आदि बरामद किये। दबोचे अमित उर्फ गोलू का आपराधिक इतिहास है। चोरी माल बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा कमलेश कुमार, दरोगा अजहर जमाल व सिपाही अजीजुद्दीन शामिल रहे।

# मोदी ने चार जातियों के विकास का लिया है संकल्पः सांसद

## मोदी की गारंटी वाली गाडी का ढोल-नगाडों से हुआ स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में मानिकपुर ब्लाक के रामपुर तरौहा व चरदहा में दीक्षित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का ढोल-नगाड़ों से जोरदार स्वागत किया। गारंटी वाली गाड़ी से ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वर्चुअल सुना।

रविवार को हुई गोष्ठी में सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि मोदी ने देश में चार जातियों के विकास का संकल्प लिया है, पहली जाति गरीब, वह किसी भी जाति का हो, दूसरी जाति किस की है, तीसरी



गोष्ठी में बोलते सांसद।

जाति महिलाओं की है, चैथी जाति युवाओं की है।

इनके विकास को मोदी संकल्पित हैं। ग्रामीण परिवारों में देश में दस करोड़ से अधिक उज्जवला गैस सिलेंडर देकर गरीबों को धुयें की जिंदगी से बाहर किया है। मोदी ने देश में चार करोड़ परिवारों को पक्की छत पीएम आवास दिया है, 11 करोड़ किसानों को 2.6 लाख करोड़ किसान सम्मान निधि दी है, ताकि किसान कृषि कार्य में कर्जदार न बने, हर घर नल से जल जीवन मिशन से प्रत्येक परिवार को पीने योग्य पानी देने की गारंटी मोदी ने की है। आयुष्मान कार्ड से 95 लाख परिवारों को मुफ्त इलाज का लाभ दिया है। पीएम मोदी सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास से देश को आगे बढ़ा रहे हैं। हर परिवार तक गरीब कल्याण योजनाएं पहुंचे, संकल्प लिया है। सुनिधि योजना से रेहड़ी, पटरी, ठेला दुकानदार बैंक से ऋण लेकर व्यवसाय बढ़ा सकते हैं।

कार्यक्रम में खासतौर से रामयज्ञ द्विवेदी, मिथिलेश कुमारी, रानू देवी शुक्ला, शिवानंद शुक्ला, राममिलन चतुर्वेदी, राधेश्याम त्रिपाठी, पवन कुमार गौतम, मनोज शुक्ला, ईश्वर चंद, शिव नरेश पटेल, जगन राजपूत, रोशनी देवी, मनजीत सिंह, शिवसागर पांडे, रघुवर दयाल, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी, आशीष रघुवंशी, शिवाकांत पांडे आदि मौजूद रहे।

# संयुक्त टीम ने छापेमारी कर 25 लीटर महुआ शराब बरामद



संयुक्त टीम के साथ अवैध शराब करने वाली।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जारी प्रवर्तन अभियान के तहत जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला व प्रभारी उप आबकारी आयुक्त एसपी चैधरी के निर्देश पर डीओ राजेन्द्र यादव की अगुवाई में पुलिस व आबकारी विभाग ने संयुक्त रूप से घुरेहटा मऊ में दबिश देकर दस लीटर महुआ शराब समेत एक महिला को दबोचा है।

संयुक्त टीम ने बरगढ़ थाने के भारतपुरवा में एक अन्य आरोपी के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर दो सौ किग्रा लहन नष्ट किया। इस पर भी आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। आबकारी टीम ने मऊ क्षेत्र में फुटकर आबकारी दुकानों की जांच की। निरीक्षण दौरान दुकानें नियमानुसार चलती मिलीं। दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे काम करते मिले।

# छिनैती में 26 सौ रुपये समेत दबोचा, संयुक्त टीम ने की कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द व चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह की टीम ने छिनैती की घटना का खुलासा कर आरोपी को तमंचा-कारतूस व छिनैती के रुपये समेत दबोचा है।

ज्ञात है कि 19 अक्टूबर को बांदा जिले के बजरंग चैराहा मानपुर थाना फतेहगंज के रामप्रकाश पुत्र रामभरोसे यादव ने भरतकूप थाने में रिपोर्ट लिखाई



छिनैती में दबोचा आरोपी।

कि पत्नी ऑटो से बदौसा मानपुर जा रहे थे। भवानीपुर के पास बिना नम्बर की अज्ञात मोटरबाइक पर सवार तीन लोगों ने पत्नी का पर्स छीन लिया। जिसमें 28 सौ रुपये थे। पुलिस ने ये मामला दर्जकर घटना का खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर 20 अक्टूबर को जेल भेजा था। घटना के फरार तीसरे वांछित आशीष यादव उर्फ लकी पुत्र कामता यादव निवासी गोहानी कला थाना राजापुर को पुलिस की संयुक्त टीम ने भरथौल नहर पुलिया से दबोचा है। उसके कब्जे से तमंचा-कारतूस व टप्पेबाजी में छीने 26 सौ रुपये बरामद किये। छह सौ रुपये भवानीपुर वाली घटना के हैं। शेष दो हजार रुपये चैकी सीतापुर के सिंचाई कालोनी कपसेठी में शिवशंकर लाल पुत्र देवीदीन निवासी बजरंग आश्रम कपसेठी के साथ हुई छिनैती के हैं। पुलिस ने बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द, चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह, सिपाही सौरभ व गोलू शामिल रहे।

# विदेश संदेश

## बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के पूर्व सलाहकार बैरिस्टर मैनुल होसेन का निधन



**ढाका।** बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के पूर्व सलाहकार और प्रमुख अखबार द न्यू नेशन के संस्थापक और प्रकाशक बैरिस्टर मैनुल होसेन का शनिवार शाम राजधानी के एवरकेयर अस्पताल में निधन हो गया। द न्यू नेशन के अनुसार 83 वर्षीय बैरिस्टर होसेन ने इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। वह पिछले एक साल से कैंसर से जूझ रहे थे।

द न्यू नेशन के अनुसार बैरिस्टर मैनुल की पहली नमाज-ए-जनाजा आज सुबह 10 बजे बारीधारा मस्जिद में हुई। दूसरा जनाजा जोहर की नमाज के बाद सुप्रीम कोर्ट परिसर में होगा। उन्हें राजधानी के अजीमपुर कब्रिस्तान में उनके माता-पिता की कब्र के बगल में दफनाया जाएगा। उन्होंने द डेली इत्तेफाक के संपादकीय बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष के रूप में भी काम किया।

बांग्लादेश के दूसरे प्रमुख समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, उन्होंने जनवरी 2007 से जनवरी 2008 के दौरान बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के कानून, सूचना और भूमि सलाहकार के रूप में कार्य किया। मैनुल होसेन 1973 में अवामी लीग के सदस्य के रूप में पिरोजपुर जिले के भंडारिया में अपने गांव निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए संसद के लिए चुने गए थे। मई 1975 में शेख मुजीब रहमान द्वारा देश में लोकतंत्र को समाप्त करने और संविधान में चौथे संशोधन के माध्यम से सरकार की एक दलीय प्रणाली स्थापित करने के बाद, उन्होंने जनरल उस्मानी के साथ संसद से इस्तीफा दे दिया। 15 अगस्त, 1975 को शेख मुजीबुर रहमान की हत्या के बाद मैनुल डेमोक्रेटिक लीग में शामिल हो गए। इसका नेतृत्व मुजीब की हत्या के साजिशकर्ताओं में से एक खोंडेकर मोश्ताक अहमद ने किया।

## यहूदी विरोध पर अमेरिकी संसद में पेशी के बाद पेंसिलवेनिया विवि की अध्यक्ष लिज मैगिल का इस्तीफा



**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष और प्राचीनतम विश्वविद्यालयों में से एक 'यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिलवेनिया' की अध्यक्ष लिज मैगिल ने इस्तीफा दे दिया है। लिज का यह पेंसिलवेनिया की अध्यक्ष के तौर पर दूसरा साल है। यूनिवर्सिटी ने बयान में कहा है कि 57 वर्षीय लिज यूनिवर्सिटी के कैरे लॉ स्कूल की फैकल्टी सदस्य बनी रहेंगी। साथ ही अगले अध्यक्ष की नियुक्ति तक वह अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी का निर्वहन भी करेंगी। इस विश्वविद्यालय की स्थापना सम्मानित साहित्यकार बेंजामिन फ्रैंकलिन ने की थी। बेंजामिन फ्रैंकलिन को अमेरिका का संस्थापक और जनक कहा जाता है।

अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार लिज मैगिल की कॉलेज कैंपस में बढ़ते यहूदी विरोध को लेकर यूएस कांग्रेस के सामने पेशी हुई। इस दौरान उनसे बार-बार पूछा गया कि क्या कैंपस में यहूदियों के नरसंहार की मांग करना स्कूल की आचरण नीतियों का उल्लंघन है या नहीं? फिर भी लिज मैगिल ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। अब बताया गया है कि यूनिवर्सिटी के दानदाताओं की तरफ से आलोचना के चलते लिज मैगिल को पद से इस्तीफा देना पड़ा है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इजराइल- हमास युद्ध की वजह से अमेरिकी शैक्षणिक संस्थान में यहूदी विरोधी घटनाएं बढ़ी हैं। लिज मैगिल मंगलवार को यूएस कांग्रेस की समिति के सामने पेश हुईं। इस दौरान हावर्ड यूनिवर्सिटी और एमआईटी के अध्यक्ष भी समिति के सामने पेश हुए। अमेरिकी यूनिवर्सिटीज पर आरोप लग रहे हैं कि वह अपने कैंपस परिसरों में यहूदी विरोधी घटनाओं को नहीं रोक पा रही हैं और इससे यहूदी छात्रों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। लिज कई अन्य यूनिवर्सिटीज में शीर्ष पद पर काम कर चुकी हैं। वह अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट की लॉ क्लर्क रह चुकी हैं और पूर्व संघीय जज की बेटी हैं। इससे पहले लिज मैगिल स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी लॉ स्कूल की डीन और यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया की शीर्ष प्रशासक रह चुकी हैं।

## चीन की एयरोस्पेस कंपनी लैंडस्पेस ने तीन वाणिज्यिक उपग्रहों को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया

**बीजिंग।** चीन की प्राइवेट एयरोस्पेस कंपनी लैंडस्पेस ने शनिवार को तीन वाणिज्यिक उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया। इससे पहले लैंड स्पेस अपने इस अभियान में जेडक्यू 2 वाहक रॉकेट को दो बार प्रक्षेपित कर चुका है।

चीन के अखबार ग्लोबल टाइम्स के अनुसार इन उपग्रहों को उत्तर पश्चिम चीन के जिउक्वान सैटेलाइट प्रक्षेपण केंद्र से अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया।

## ...जब उड़ते हुए विमान की खिड़की में लगा शीशा बाहर गिर गया

**काठमांडू।** नेपाल में रविवार को एक विमान हादसे का शिकार होते-होते बच गया। लुक्ला एयरपोर्ट पर विमान के लैंड होने के बाद पायलट को विमान की खिड़की का शीशा नदारद होने के बारे में पता चला। विमान के भीतर और रनवे पर खिड़की का शीशा ढूंढा गया, लेकिन कहीं भी नहीं मिला। इस पर अनुमान लगाया गया कि बीच उड़ान में कहीं शीशा गिर गया होगा। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के प्रवक्ता सुभाष झा ने बताया कि काठमांडू से खाद्यान्न सामग्री और कुछ यात्रियों के साथ तारा एयर के विमान ने रविवार सुबह लुक्ला के लिए उड़ान भरी। जब यह विमान लुक्ला एयरपोर्ट पर लैंड हुआ तो पायलट और ग्राउंड स्टाफ को विमान के इमरजेंसी गेट की खिड़की का शीशा नहीं दिखा। प्रवक्ता झा ने बताया कि 1126 किलो सामग्री के साथ क्रू मेंबर सहित 5 लोग उस विमान में यात्रा कर रहे थे। विमान की खिड़की का शीशा नहीं मिलने के बाद पायलट और ग्राउंड स्टाफ के होश उड़ गए। नेपाल के वरिष्ठ पायलट विजय




लामा ने कहा कि खिड़की का शीशा टूटकर गिरने के बाद कोई भी हादसा हो सकता था, लेकिन विमान के लुक्ला एयरपोर्ट पर सकुशल लैंडिंग हो गई है और क्रू मेंबर सहित किसी भी यात्री को कोई चोटें नहीं आई। लुक्ला एयरपोर्ट पर विमान लैंडिंग के बाद खिड़की के शीशा गिरने के अनुमान में रनवे से लेकर टैक्सी वे और पार्किंग तक में शीशा ढूंढा गया, लेकिन कहीं भी नहीं मिला। फिलहाल विमान को लुक्ला विमानस्थल पर ही रोक कर रखा गया है।

## नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर वीटो के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति का आभार जताया

**– अमेरिका ने लगभग 14,000 टैंक गोले की तत्काल शिपमेंट की मंजूरी दी**

**– युद्ध के 65वें दिन रविवार को गाजा के सीमायी कस्बों में रॉकेट दागे गए**

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू रविवार को साप्ताहिक कैबिनेट बैठक की शुरूआत में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर वीटो करने के लिए आभार जताया है। हमास के साथ छिड़े युद्ध के 65वें दिन रविवार दोपहर गाजा के सीमायी कस्बों में रॉकेट दागे गए। इजराइल के प्रमुख अखबार द्यद टाइम्स ऑफ इजराइलद्ध के अनुसार साप्ताहिक कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर वीटो करने के लिए धन्यवाद दिया। इस प्रस्ताव में



युद्धविराम का आग्रह किया गया था। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने लगभग 14,000 टैंक गोले की तत्काल शिपमेंट की मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा है कि गाजा में लड़ाई पूरी ताकत से जारी है और न्याय हमारे पक्ष में है। अखबार के अनुसार इजराइल के सुरक्षाबलों ने गाजा के जबालिया और खान यूनिस में रातभर हमले किए हैं।

फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के साथ छिड़े युद्ध के 65वें दिन रविवार दोपहर गाजा के सीमायी कस्बों में रॉकेट दागे गए। हमास के आतंकवादियों से झड़पें हो रही हैं। इस बीच हमास के आतंकवादी, नागरिकों से मारपीट कर अंतरराष्ट्रीय संगठनों से प्राप्त खाने-पीने की सामग्री लूट रहे हैं।

## पाकिस्तान के बहुचर्चित सारा इनाम हत्याकांड पर 14 दिसंबर को आएगा फैसला



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के एक ट्रायल कोर्ट ने कनाडा मूल की शादीशुदा सारा इनाम (37) की हत्या के मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन के अनुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश नासिर जावेद राणा इस जघन्य हत्याकांड के लगभग एक साल बाद 14 दिसंबर को फैसला सुनाएंगे।

डॉन के अनुसार इस बहुचर्चित हत्याकांड में मृतका सारा का पाकिस्तानी पति शाहनवाज अमीर मुख्य आरोपित है। शाहनवाज मुल्क के पूर्व राजनेता और प्रतिष्ठित पत्रकार अयाज अमीर का बेटा है। इस केस में पुलिस ने अयाज अमीर, उनकी पत्नी समीना शाह और पूर्व पत्नी को भी आरोपित के रूप में नामित किया था। सारा इनाम की पिछले साल 22 सितंबर को इस्लामाबाद के शहजाद टाउन के फार्म हाउस में हत्या कर दी गई थी। वह एक दिन पहले ही दुबई से लौटी थी। वह शहनवाज की तीसरी पत्नी थी।

## अमेरिकी अभिनेता रयान ओ'नील का 82 वर्ष की आयु में निधन




**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अमेरिकी अभिनेता रयान ओ'नील का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सत्तर के दशक के हॉलीवुड हार्टथ्रोब कहे जाने वाले रयान ने लव स्टोरी, व्हाट्स ऐप, डॉक्टर ? और पेपर मून जैसी फिल्मों में दमदार अभिनय किया।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार उनके बेटे पैट्रिक ओ'नील ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में पिता की मौत की पुष्टि की। मगर पोस्ट में न तो मौत का कारण बताया गया और न ही यह साफ किया गया कि उनकी मृत्यु कहां हुई। लव स्टोरी से रयान ओ'नील रातोंरात फिल्म स्टार बन गए थे। इस फिल्म ने अपने समय में सर्वाधिक कमाई की थी।

अखबार के अनुसार अभिनेता ओ'नील ने आधी सदी तक बड़े और छोटे दोनों स्क्रीन पर काम किया। ओ'नील को अभिनेत्री फराह फॉसेट के साथ लंबे समय तक रोमांस के लिए भी जाना जाता है। ओ'नील के अभिनय करियर को तब ऊंचाई मिली जब उन्हें नाइट टाइम सोप ओपेरा पीटन प्लेस में रोल मिला। उन्होंने लव स्टोरी में अली मैकग्रा के विपरीत अभिनय किया। इस फिल्म के लिए वो ऑस्कर के लिए नामांकित हुए। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सनसनी मचा दी थी। यह फिल्म एरिच सेगल के लोकप्रिय उपन्यास लव स्टोरी पर आधारित थी।

## इराक में इमारत में आग लगी,14 लोगों की मौत

**बगदाद।** इराक में एक इमारत में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई। यह अनहोनी शुक्रवार रात अर्ध स्वायत्त कुर्दिस्तान के एरबिल प्रांत के सोरन शहर में हुई है। 18 अन्य लोग घायल हैं।

अल जजीरा चैनल ने सोरन स्वास्थ्य विभाग के हवाले से कहा है कि आग इस आवासीय इमारत में सबसे पहले तीसरी और चौथी मंजिल पर लगी। यहां विश्वविद्यालय के छात्र और शिक्षक रहते थे। इसके बाद आग सभी पांचों मंजिल पर फैल गई। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी।

## काठमांडू के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मॉल्स और मल्टीप्लेक्स से क्रिसमस ट्री हटाने का निर्देश

**काठमांडू।** आने वाले क्रिसमस त्यौहार के मद्देनजर शहर के शॉपिंग मॉल और मल्टीप्लेक्स में बनाए गए क्रिसमस ट्री को हटाने का निर्देश दिया गया है। काठमांडू महानगरपालिका ने एक निर्देश जारी करते हुए 24 घंटे के भीतर इन क्रिसमस ट्री को हटाने को कहा है। काठमांडू महानगरपालिका के मेयर बालेन्द्र शाह ने प्लास्टिक के फूलों से बनाए गए क्रिसमस ट्री से वातावरण पर नकारात्मक असर पड़ने और इस कारण प्रदूषण फैलने की आशंका जताई है। महानगरपालिका की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि यदि 24 घंटे के भीतर क्रिसमस ट्री लगाने



वाले शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मॉल्स और मल्टीप्लेक्स ने खुद इसे नहीं हटाया तो महानगरपालिका के कर्मचारी इसे हटा देंगे। साथ ही बयान में यह भी चेतावनी दी गई है कि प्लास्टिक फूलों से बने क्रिसमस ट्री नहीं हटाने पर प्रदूषण फैलाने के आरोप में जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। महानगरपालिका के इस फैसले का जहां अधिकांश लोगों ने स्वागत किया है, वहीं क्रिश्चियन मिशनरी से जुड़े लोगों ने धार्मिक रंग देना शुरू किया है। यूनिफिकेशन चर्च से जुड़े सांसद एकनाथ ढकाल ने महानगरपालिका के मेयर बालेन्द्र शाह पर भेदभाव का आरोप लगाया है। दूसरी तरफ महानगरपालिका के मेयर का कहना है कि इस वर्ष दशहरे से ही काठमांडू महानगरपालिका क्षेत्र में प्लास्टिक के फूलों के बिक्री वितरण पर रोक लगाई गई है। इस वर्ष दीपावली में भी प्लास्टिक की फूलों से सजावट नहीं करने की अपील की गई थी। उसी क्रम में क्रिसमस ट्री हटाने का निर्णय लिया गया है। मेयर शाह ने कहा कि इस निर्णय का धर्म से कोई लेना देना नहीं है। यह पर्यावरण की रक्षा के लिए किया गया है।

## नेपाल में 24 घंटे के भीतर तस्करी करके लाया गया 30 किलो सोना बरामद

### सोने की बरामदगी के अलग-अलग मामलों में कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया

**काठमांडू।** नेपाल में 24 घंटे के भीतर तस्करी करके लाया गया 30 किलो सोना बरामद किया गया है। इसमें से 14 किलो सोना दुबई से विमान के जरिये और 2 किलो चीन से सड़क मार्ग के रास्ते लाया गया था। 6 किलो सोना इजिप्ट के नागरिक के पास से त्रिभुवन विमानस्थल पर बरामद किया गया। इसी नागरिक की निशानदेही पर काठमांडू के न्यूरोड की एक दुकान से तस्करी करके लाया गया 8 किलो सोना बरामद किया गया है। सोने की बरामदगी के इन अलग-अलग मामलों में कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

नेपाल में गुरुवार की मध्यरात्रि को दुबई से लाया गया 14 किलो सोना पकड़ा गया। यह सोना दुबई से एक फ्लाइट के जरिये देर रात 11:56 बजे काठमांडू विमानस्थल पर लाया गया था। पुलिस ने नेपाली नागरिक मीन बहादुर घलो को गिरफ्तार किया था। बाद में पुलिस ने उसके एक और सहयोगी को काठमांडू से गिरफ्तार किया था।

सोने की इस तस्करी में अभी पुलिस की तलाशी और छापेमारी पूरी भी नहीं हुई थी कि शुक्रवार को चीन से सड़क मार्ग से लाया गया 2 किलो सोना पकड़ा गया। काठमांडू रेंज के पुलिस एआईजी दीपक थापा ने बताया कि चीन से नेपाल के रसुवा नाका होते हुए लाए गए 2 किलो सोने को काठमांडू के नागढुंगा प्रवेश नाका से बरामद किया गया है। साथ ही पुलिस ने तस्करी के






आरोप में रसुवा के ही ग्यालसिंग तामांग, विरू तामांग और सुनील भुजेल को गिरफ्तार किया है।

त्रिभुवन विमानस्थल के सुरक्षा प्रमुख डीआईजी अर्जुन चन्द ठकुरी ने बताया कि शुक्रवार की रात काठमांडू के त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल से एक व्यक्ति को 6 किलो सोने के साथ गिरफ्तार किया गया। नियमित जांच के दौरान गिरफ्तार किए गए इजिप्ट के नागरिक शेरीफ मोहम्मद लाशिन के जैकेट में फॉल्स बटन के भीतर से सोना बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि सोना को गलाकर पेस्ट के रूप में लाया गया था। डीआईजी ठकुरी ने बताया कि पकड़े गए इजिप्ट के नागरिक मोहम्मद लाशिन और सुडान के नागरिक मोहम्मद उस्मान को भी हिरासत में लेकर दोनों से पूछताछ की जा रही है।

बताया कि इजिप्ट के नागरिक मोहम्मद लाशिन की निशानदेही पर शुक्रवार दोपहर को ही काठमांडू के न्यूरोड के एक दुकान से पुलिस ने तस्करी कर लाए गए 8 किलो सोना बरामद किया। तस्करी का सोना खरीदने के आरोप में दुकान के मालिक पदम प्रसाद पाण्डे को भी गिरफ्तार किया गया है।


**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।